


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,मंगलवार 01 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-03 ■ वर्ष -42 ■ अंक-153 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 02 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## भूपेश बघेल के पीए के घर ईडी की दबिश

■ तरुण छत्तीसगढ़

**भिलाई,1 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पीए के.के. चंद्रवंशी के पुरानी भिलाई स्थित घर पर आज सुबह-सुबह प्रवर्तन निदेशालय ईडी ने छापा मारा है. दो गाड़ियों में अधिकारियों की टीम पहुंची हुई है मौके पर दस्तावेजों की जांच की जा रही है जानकारी के मुताबिक, ईडी के करीब 8 अधिकारी तड़के सुबह दो गाड़ियों में सवार होकर के.के. चंद्रवंशी के पुरानी भिलाई के निवास पर पहुंचे इस के बाद टीम ने घर के अंदर प्रवेश कर दस्तावेजों की पड़ताल शुरू की सुरक्षा के लिए जवान तैनात किए गए हैं फिलहाल ईडी की टीम द्वारा किन मामलों को लेकर



यह कार्रवाई की जा रही है इसकी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है भूपेश बघेल के पीए के घर छापेमारी के बाद से राजनीतिक माहौल गरमाने के आसार हैं. फिलहाल ईडी की टीम केके चंद्रवंशी के निवास पर मौजूद है और जांच जारी है. कार्रवाई किस मामले से जुड़ी है और जांच के दौरान क्या-क्या सामने आया, इसे लेकर आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है. जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, मामले में और जानकारी सामने आने की उम्मीद है रिटायर्ड पटवारी के निवास पर ईडी की दबिश सिकोला भाठा बंगाली कालोनी स्थित है मकान में रिटायर्ड पटवारी कमलेश राजूपत के निवास पर भी ईडी अधिकारियों की टीम पहुंची है उनके घर के भीतर जांच की कार्रवाई किए जाने की जानकारी सामने आई है बताया जा रहा है कि दुर्ग के बड़े बिल्डर्स से लेन-देन के जुड़े दस्तावेजों की जांच जारी है बता दें कि वर्तमान में कमलेश पटवारी संघ के अध्यक्ष हैं और उनकी बेटी पटवारी के पद पर कार्यरत हैं.




## शी जिनपिंग-पीएम मोदी की मुलाकात शहबाज शरीफ दूर खड़े देखते रहे

**किर्गिस्तान,1 सितंबर।** पीएम नरेंद्र मोदी किर्गिस्तान के बिश्केक में आयोजित 26वें शंघाई सहयोग संगठन यानी 26वें एससीओ समिट में आज भाग लिया। समिट को पीएम मोदी ने संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 26वें शंघाई सहयोग संगठन समिट में भारत के क्षेत्रीय और रणनीतिक हितों को मजबूती से सामने रखा। बैठक से पहले फोटो सेशन के दौरान शी जिनपिंग और पीएम मोदी की मुलाकात हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शी जिनपिंग के साथ गर्मजोशी के साथ मुलाकात की। इस दौरान रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी मौजूद थे। एससीओ समिट में तीनों के गर्मजोशी से मिलने का वीडियो भी सामने आया है।

इन तीनों के एक्शन शहबाज शरीफ भी देख रहे थे। पीएम मोदी की इस मुलाकात के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कुछ ही दूरी पर खड़े थे और यह नजारा देख रहे थे। हालांकि पीएम मोदी और शहबाज के बीच कोई बातचीत नहीं हुई। दरअसल एससीओ समिट के दूसरे दिन की शुरुआत में सभी देशों के लीडर्स का एक साथ फोटो सेशन हुआ। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की अचानक मुलाकात हुई। दोनों नेताओं ने हाथ मिलाया और कुछ देर बातचीत की। दोनों के बीच अलग से द्विपक्षीय बैठक पहले से तय नहीं थी।

## छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग मुख्य परीक्षा -2025 का परिणाम जारी

**रायपुर,1 सितंबर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा मुख्य परीक्षा 2025 का परिणाम जारी कर दिया है। मुख्य परीक्षा के प्राप्तांकों और मेरिट के आधार पर 608 अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के लिए किया गया है। 20 विभिन्न सेवाओं के 265 पदों पर भर्ती के लिए प्रारंभिक परीक्षा फरवरी में आयोजित की गई थी। प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम के आधार पर 3,921 अभ्यर्थी मुख्य परीक्षा के लिए चयनित हुए थे। मुख्य परीक्षा का आयोजन 6 से 9 जून तक किया गया था।21 सितंबर को संभावित साक्षात्कारमुख्य परीक्षा में सफल 608 अभ्यर्थियों के लिए साक्षात्कार की संभावित तारीख 21 सितंबर तय की गई है। साक्षात्कार में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपने निर्धारित साक्षात्कार से एक दिन पहले आयोग के कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।इस दौरान अभ्यर्थियों के सभी मूल प्रमाण-पत्रों का सत्यापन किया जाएगा। आयोग के निर्देश के अनुसार अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए निर्धारित समय पर उपस्थित होना होगा।

## गोवा-दिल्ली इंडिगो फ्लाइट का इंजन फेल मोपा एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिग

**नई दिल्ली,1 सितंबर।** गोवा-दिल्ली इंडिगो विमान की इमजेंसी लैंडिंग कराई गई है। गोवा से दिल्ली आ रही इंडिगो विमान का इंजन फेल होने पर मोपा एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिग कराई गई है। गोवा से दिल्ली जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6E 2102 के इंजन में उड़ान भरने के तुरंत बाद खराबी आ गई, जिसके कारण इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। फिलहाल सभी 229 यात्री सुरक्षित हैं। इंडिगो की फ्लाइट आज सुबह गोवा से दिल्ली के लिए उड़ी थी। थोड़ी देर बाद ही बीच आसमान में फ्लाइट क एक इंजन फेल हो गया। इसके बाद विमान को वापस गोवा भेज दिया गया और मोपा एयरपोर्ट पर उसकी इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई।




जानकारी के मुताबिक गोवा से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट 6E 2102 (GOX-DEL) ने सुबह करीब 9:16 बजे गोवा से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। विमान में 229 यात्री सवार थे। उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद विमान के एक इंजन में खराबी की जानकारी सामने आई। इंजन में खराबी की सूचना मिलने के बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) ने करीब 9:30 बजे फुल इमरजेंसी घोषित कर दी। विमान सुबह 9:51 बजे रनवे 28 पर सुरक्षित उतरा और स्टैंड 6 पर पार्क हो गया। एटीसी ने 10:03 बजे इमरजेंसी खत्म कर दी। फिलहाल इंजन में किस तरह की तकनीकी खराबी आई थी। इसकी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है।

## उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन का 2 सितंबर को रायपुर दौरा

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,1 सितंबर।** उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन बुधवार को राजधानी रायपुर पहुंचेंगे। वे एम्स रायपुर के तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति के दौरे को लेकर मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रायपुर पुलिस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक, उपराष्ट्रपति सुबह करीब 10 बजे रायपुर पहुंचेंगे। इसके बाद 10.45 बजे एम्स रायपुर पहुंचेंगे, जहां सुबह 11 बजे से तीसरे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद दोपहर 12.30 बजे एम्स से रायपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। इसके बाद दोपहर 1.30 बजे रायपुर से दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे। उपराष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए रायपुर पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। एयरपोर्ट से एम्स तक के रूट पर सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर रिहर्सल और मॉकड्रिल की जा रही है। पुलिस अधिकारियों और जवानों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। दौरे से पहले सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा और प्रोटोकॉल समेत अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की जा चुकी है। पिछले दिनों मुख्य सचिव विकास शील ने मंत्रालय में उच्च स्तरीय बैठक लेकर उपराष्ट्रपति के दौरे की तैयारियों की समीक्षा की थी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए गए थे।



## ट्रक में गुप्त चेंबर बनाकर तस्करी,2.23 करोड़ का गांजा जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़

**कवर्धा,1 सितंबर।** छत्तीसगढ़ की कबीरधाम पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चिल्फी बॉर्डर पर अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक कंटेनर ट्रक के गुप्त चेंबर से 4 क्विंटल से ज्यादा का गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 2 करोड़ 23 लाख 75 हजार 250 रुपये बताई गई है। जानकारी के मुताबिक, 31 अगस्त को थाना चिल्फी के सामने एनएच-30 पर संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान बोडला की ओर से आ रहे कंटेनर ट्रक को रोककर उसकी तलाशी ली गई। जांच के दौरान 4 क्विंटल 47 किलो 445 ग्राम गांजा मिला, जिसे ड्राइवर सीट के ऊपर बनाए गए गुप्त चेंबर में खाकी टेप से लपेटकर पैकेटों में



छिपाया गया था। इस मामले में पुलिस ने बलजीत सिंह को गिरफ्तार किया है, जो कि पंजाब के अमृतसर का रहने वाला है। पुलिस ने गांजा के साथ 27 लाख रुपये कीमत का कंटेनर ट्रक और 5 हजार रुपये का मोबाइल फोन भी जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। साथ ही एएनटीएफ टीम द्वारा तस्करी से जुड़े अन्य लोगों और नेटवर्क की जांच भी जारी है। कार्रवाई के लिए आईजी राजनांदगांव रेंज अजय यादव ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## पीएससी घोटाला : आरती वासनिक और ललित गनवीर को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**रायपुर,1 सितंबर।** छत्तीसगढ़ पीएससी घोटाला मामले में गिरफ्तार तत्कालीन परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने की. दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने आरती वासनिक और पूर्व उप परीक्षा नियंत्रक ललित गनवीर को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है. सर्वोच्च न्यायलय में आरती वासनिक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पी.बी. मुरेश के साथ अधिवक्ता हर्षवर्धन परगनिहा ने पक्ष रखा। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि आरती वासनिक एक वर्ष से अधिक समय से न्यायिक हिरासत में हैं. मामले में चार्जशीट दाखिल हो चुकी है और मुकदमे के दौरान 100 से अधिक गवाहों का परीक्षण किया जाना है. यह भी तर्क दिया गया कि मुकदमे में देरी अभियुक्त की वजह से नहीं, बल्कि अभियोजन स्वीकृति नहीं मिलने के कारण हो रही है.

बचाव पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दलील दी कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की ओर से आरती वासनिक की किसी प्रत्यक्ष भूमिका का आरोप नहीं लगाया गया है. साथ ही कथित तौर पर मामले से लाभान्वित अभ्यर्थियों की नियुक्तियां फिलहाल स्थगित होने की जानकारी भी दी गई. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने और मामले की परिस्थितियों पर विचार करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने आरती वासनिक और ललित गनवीर को नियमित जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया.सीजीपीएससी घोटाला छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की भर्ती प्रक्रिया में 2020 से 2022 के बीच हुई अनियमितताओं से जुड़ा मामला है. आरोप है कि इस दौरान आयोजित परीक्षाओं और साक्षात्कारों में योग्य अभ्यर्थियों की उपेक्षा कर, प्रभावशाली राजनेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों के करीबियों को डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी तथा अन्य उच्च पदों पर चयनित किया गया.

## नये अध्यक्ष की नियुक्ति की चर्चा,दिल्ली में किरण देव से मिले तोखन साहू

**रायपुर,1 सितंबर।** छत्तीसगढ़ भाजपा में नए अध्यक्ष की नियुक्ति की चर्चा हर प्लेटफार्म पर इतनी होने लगी कि भाजपा मीडिया विभाग को यह कहना पड़ गया कि फिलहाल ऐसा कोई प्रस्ताव पार्टी में नहीं आया है. जो भी चर्चा हो रही है वह निराधार है उसका कहीं कोई आधार नहीं है. बावजूद इसके संकेतों के साथ घट रहे राजनीतिक घटनाक्रमों ने बदलाव की चर्चा को चर्चा में बनाए रखा है. जैसे कल भाजपा कार्यालय में किसान मोर्चा की बैठक थी. बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विशेष रूप से शामिल हुए. बैठक के बाद जब पत्रकारों से चर्चा की बारी आई तो मुख्यमंत्री साय ने तोखन साहू को आगे कर दिया. पार्टी के अंदर इसकी खूब चर्चा है. वहीं तोखन साहू ने मीडिया के सामने दोनों हाथ जोड़कर नमस्कार करते और मुस्कुराते हुए कहा था कि



उन्हें पार्टी का हर फैसला मंजूर है. केंद्रीय मंत्री पद से इस्तीफा भी. उनके इस बयान के मायने पार्टी के अंदर लोग निकलाते रहे.

## पाकिस्तान में मदरसा के लिए 100 साल पुराना मंदिर ढहाया गया

**करांची,1 सितंबर।**पाकिस्तान ने एक बार फिर अपना घिनौना कट्टरपंथ का चेहरा दिखाते हुए पंजाब प्रांत में 100 साल से अधिक पुराने एक हिंदू मंदिर को को गिरा दिया. पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में नारोवाल जिले का 100 साल से भी पुराना ऐतिहासिक हिंदू मंदिर ढहा दिया गया है. कुछ धार्मिक कट्टरपंथियों ने मंदिर को उसकी जमीन को पास के एक मदरसे में मिलाने के लिए ढहा दिया. अधिकारियों और अल्पसंख्यक संगठनों ने सोमवार को यह जानकारी दी. करीब 1,000 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला यह 100 से 125 साल पुराना मंदिर लाहौर से करीब 130 किलोमीटर दूर पंजाब प्रांत के नारोवाल जिले के सिराज गांव में स्थित था. पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 100 साल से अधिक पुराने हिंदू मंदिर को कथित तौर पर धार्मिक कट्टरपंथियों ने गिरा दिया. इस घटना के बाद स्थानीय हिंदू समाज और अल्पसंख्यक नेताओं में भारी गुस्सा है. आरोप है कि कट्टरपंथी संगठन तहरीक-ए-



लब्बैक पाकिस्तान के लोगों ने ये हरकत की है. उन्होंने पास के मदरसे के विस्तार के लिए इस प्राचीन मंदिर को ढहा दिया. वहीं, सरकार ने दावा किया कि पुराना मंदिर भारी बारिश के कारण अपने आप ढह गया. पाकिस्तान मसीहा मिल्लत पार्टी ने पंजाब सरकार से मंदिर गिराने में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने और मंदिर का पुनर्निर्माण सुनिश्चित करने की मांग की है. पीएमएमपी के अध्यक्ष असलम परवेज सहोत्रा ने बताया कि उन्होंने 28 अगस्त को पंजाब के अतिरिक्त गृह सचिव से मुलाकात कर आरोपियों तथा मंदिर की सुरक्षा में विफल रहे अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए एक लिखित आवेदन सौंपा.असलम परवेज सहोत्रा ने आगे बताया कि मंदिर के शिखर की धातु, अन्य सामग्री और मलबे की ईंटों को भी बाद में वहां से हटा दिया गया. पंजाब प्रांत में 100 साल से भी ज्यादा पुराना एक ऐतिहासिक हिंदू मंदिर पूरी तरह जमींदोज कर दिया गया है. सदियों से खड़ा ये प्राचीन मंदिर एक दिन अचानक ध्वस्त हो गया. बताया जा रहा है कि 21 अगस्त को मंदिर गिराने वाले लोग प्रतिबंधित कट्टरपंथी इस्लामी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (TLP) से जुड़े थे.

## सुभाष चंद्रा के 6.25 करोड़ रुपये के लोन सेटलमेंट प्लान पर स्टे

**नई दिल्ली,1 सितंबर।** एस्सेल ग्रुप के संस्थापक सुभाष चंद्रा को बड़ा झटका लगा है। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल की 5 सदस्यों की स्पेशल बेंच ने 25 अगस्त को एक सदस्य के दिए फैसले पर रोक लगा दिया। पिछले फैसले के अनुसार कर्जदाताओं को चंद्रा की निजी संपत्ति से करीब 6.25 करोड़ रुपये की वसूली होनी थी जबकि उनके दावों की कुल राशि करीब 22,006 करोड़ रुपये है। बता दें, मंगलवार को सभी पक्षों को नोटिस जारी किए और एस्सेल समूह के चेयरमैन को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपनी संपत्तियां बेचने या हस्तांतरित करने से रोक दिया।अध्यक्ष न्यायमूर्ति अनुपिंदर सिंह ग्रेवाल की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय पीठ ने कहा कि तीसरे सदस्य समेत पीठ के सदस्यों के बीच बहुमत नहीं होने के कारण कोई अंतिम आदेश नहीं है और फैसले को प्रभावी नहीं किया जा सकता। यह मामले ने सोशल मीडिया पर तूल पकड़ ली थी। जिसके बाद सुभाष चंद्रा ने कहा था कि 22,006 करोड़ रुपये की राशि को व्यापक रूप से गलत समझा गया है क्योंकि यह उस कर्ज की राशि नहीं है जो उन्होंने व्यक्तिगत रूप से लिया था।

### ट्रक और क्रेटा में टक्कर, युवक की मौत

**रायपुर, 1 सितंबर।** राजधानी रायपुर के खरोरा में आज दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जहां ट्रक और क्रेटा कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा खरोरा थाना क्षेत्र में रायपुर-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर हुआ है। इस हादसे में शिवम साहू की मौत हुई है। वहीं ओमप्रकाश साहू, संजय साहू और रामेश्वर केंवट घायल हुए हैं। घायलों को तत्काल उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा गया है, जहां उनका इलाज जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही खरोरा पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल रायपुर-बलौदाबाजार मुख्य मार्ग पर आवागमन सामान्य रूप से जारी है। हादसे के बाद घटनास्थल पर कुछ समय के लिए लोगों की भीड़ भी जुट गई थी।

### फांसी के फंदे पर लटकी सास

**कोरबा, 1 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक महिला की मौत से हड़कंप मच गया है। महिला ने बहू पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मौत से पहले उसने ना सिर्फ वीडियो बनाकर अपनी बहनों को भेजा, बल्कि दीवार पर सुसाइड नोट लिखकर बहू को मौत के लिए जिम्मेदार भी बताया। इसी के आधार पर पुलिस ने अब मामले की जांच में शुरु कर दी है। यह पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मृतका की पहचान लक्ष्मी मानिकपुरी (40) के रूप में हुई है, जो कि लक्ष्मणबंध बस्ती की रहने वाली थी। बताया जा रहा है कि घटना से पहले महिला का अपने पति, बेटे और बहू के साथ विवाद हुआ था। इसके बाद महिला ने अपनी बहनों को एक वीडियो भेजा था। वीडियो में पारिवारिक विवाद से जुड़ी बातें सामने आने की बात कही जा रही है। परिजनों के अनुसार, महिला ने घर की दीवार पर एक कथित सुसाइड नोट भी लिखा था, जिसमें अपनी बहू पूर्णिमा महंत को जिम्मेदार बताया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। कोरबा सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी ने बताया कि दीवार पर लिखी गई लिखावट की जांच हैंडराइटिंग एक्सपर्ट से कराई जाएगी। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और मौत के पीछे की वास्तविक वजह सामने आने का इंतजार है।

### अमेरिका-ईरान तनाव से कच्चे तेल में उछाल

**नई दिल्ली, 1 सितंबर।** अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल बाजार पर दिखाई देने लगा है। मंगलवार सुबह तक WTI क्रूड 1.13% बढ़कर 86.733 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया, जबकि ब्रेंट क्रूड 0.88% की तेजी के साथ 91.283 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करता रहा। मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ने से वैश्विक तेल आपूर्ति को लेकर चिंता गहराई है।अमेरिकी सेना की ओर से लारक द्वीप पर ईरानी रॉकेट लॉन्चरों को निशाना बनाए जाने और इसके जवाब में ईरान की ओर से जॉर्डन तथा यूएई पर हमले की खबरों ने हालात और संवेदनशील कर दिए हैं।

# निगम के 7 कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 1 सितम्बर ।** नगर निगम में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाले 7 अधिकारी-कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह आयोजित किया गया। आयुक्त सुरुचि सिंह की उपस्थिति में आयोजित समारोह में सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों को शाल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके सेवाकाल में किए गए कार्यों एवं निगम के प्रति योगदान की सराहना करते हुए उन्हें स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। सेवानिवृत्त होने वालों में अधिकारी वर्ग से कार्यपालन अभियंता वेशराम सिन्हा तथा कर्मचारी वर्ग से राजस्व निरीक्षक प्रसन्न कुमार तिवारी, फील्ड वर्कर कृष्णा यादव, हेल्पर-क्लीनर ओम प्रकाश तिवारी, सफाई कामगार राजबती निषाद, एम. जोसफ एवं योव्हान शामिल हैं। समारोह में मुख्य अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता सुनील जैन सहित अन्य अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि शासकीय सेवा में कर्मचारियों द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा से निर्वहन महत्वपूर्ण होता है। सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने अनुभव और कार्यों के माध्यम से निगम की सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। समारोह में कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता फत्ते लाल साहू, श्वेता वर्मा, बसंत साहू, शंकर सुवन मरकाम, रीमा जामुलकर, सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम, राजस्व अधिकारी शरद दूबे, शालिनी गुरउ, सागर दुबे, रीता चतुर्वेदी, नवीन साहू, रोहित बंजारे, हेमचंद बंजारे, कृष्णा देशमुख, श्रवण ठाकुर, देवेंद्र वर्मा, गेंद राम सिन्हा, राज सच्चर एवं गिरधर वर्मा सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी एवं कर्मचारी संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## पाइप लाइन टूटने से लाखों लीटर पानी बहने का आरोप



**भिलाई, 1 सितम्बर ।** शिवसेना दुर्ग-भिलाई संयुक्त जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नंदिनी रोड स्थित छावनी चौक, कुसुम पेट्रोल पंप के सामने पेयजल पाइपलाइन टूटने से लगातार पानी बहने का मामला उठाया है। राजू गुप्ता ने बताया कि ओवरब्रिज निर्माण के लिए करीब एक सप्ताह पूर्व सड़क पर मशीन से होल कर मिट्टी के सैंपल (टेस्टिंग) निकाले जा रहे थे। इसी दौरान पेयजल की पाइपलाइन टूट गई। उनके अनुसार पाइप लाइन टूटने के बाद से लाखों लीटर पीने का पानी लगातार सड़क पर बह रहा है, लेकिन अब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है। शिवसेना ने इस मामले की शिकायत निदान 1100 में भी दर्ज कराई है। संगठन ने संबंधित विभाग से पाइपलाइन की तत्काल मरम्मत कराने तथा पेयजल की हो रही बर्बादी को रोकने की मांग की है। राजू गुप्ता ने कहा कि एक ओर शहर में नागरिकों को पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ता है, वहीं दूसरी ओर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद हो रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से मामले में तत्काल कार्रवाई कर नागरिकों को राहत देने की मांग की है।

# प्रतियोगिता से बच्चों में रचनात्मक प्रतिभा का विकास होता है:रवि



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई , 1 सितम्बर ।** पूर्व माध्यमिक शाला सांकरा में जोन स्तरीय पठन वीर प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। प्रतियोगिता में जोन अंतर्गत 8 संकुलों से 10-10 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन पाँच विधाओं में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा एवं कौशल का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता के परिणाम में स्पीड रीडिंग में प्रथम साक्षी जैन एवं द्वितीय रूबी देवांगन, स्टोरी टेलिंग में प्रथम झरना साहू एवं द्वितीय धारणी साहू, स्पीड कैलकुलेट में प्रथम खेम साहू एवं द्वितीय सेविका निषाद, मैथ्स मैजिक में प्रथम रेशमी एवं द्वितीय जीतू खरे तथा सामान्य ज्ञान में प्रथम रिधि ठाकुर एवं द्वितीय हितेश्वरी यादव रहे। कार्यक्रम में युवा सरपंच रवि सिंगौर शामिल हुए। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में पठन क्षमता, त्वरित गणना, सामान्य ज्ञान, आत्मविश्वास एवं रचनात्मक प्रतिभा का विकास होता है। उन्होंने सभी विजेता एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।प्रतियोगिता के जोन प्रभारी सुशील सूर्यवंशी एवं महेंद्र कुमार बहादुर रहे। उनके मार्गदर्शन में प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई।इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य आर.के. चौरे, शाला विकास समिति अध्यक्ष तुलाराम सिंगौर, कामता सिंगौर सहित अन्य शिक्षकगण एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## एक नजर

### गांजा बेचने का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 1 सितंबर (तछसं.)।** भिलाई मोहन नगर पुलिस ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि शंकर नगर पानी टंकी के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा बिक्री कर रहा है सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की मौके पर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़कर नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से गांजा बरामद हुआ जांच एवं कार्रवाई के दौरान आरोपी की पहचान मोनू विश्वकर्मा (20 साल ) निवासी वार्ड क्रमांक 58, ब्लॉक 43, बांबे आवास उरला हुई आरोपी के कब्जे से बरामद मादक पदार्थ का वजन 01 किलो 300 ग्राम पाया, जिसकी अनुमानित कीमत 60,000 रुपये है। इसके अतिरिक्त नगदी रकम 700 रुपये जब्त की है। प्रकरण में थाना मोहन नगर में धारा 20 (ख), 27 (क) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है ।

### नशीले टेबलेट सहित युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 1 सितंबर (तछसं.)।** दुर्ग धमधा रोड सब्जी मंडी में 600 नशीले अल्प्राजोलम टेबलेट के साथ मोहनगर पुलिस ने आरोपी को पकड़कर उसके कब्जे से 2º40 लाख रुपए की नशीली दवाएं एवं नगदी बरामद की है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि थाना मोहन नगर थाने पुलिस को नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के संबंध में सूचना मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम धमधा रोड सब्जी मंडी दुर्ग क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए कार्रवाई की मौके पर संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 600 नग नशीली टेबलेट अल्प्राजोलम एवं 230 रुपये नगद बरामद हुए। पूछताछ एवं प्रारंभिक जांच में आरोपी की पहचान कृष्णा दास मानिकपुरी 25 वर्ष निवासी कुदरा पारा ग्रीन चौक दुर्ग के रूप में हुई है। बरामद नशीली टेबलेट की अनुमानित कीमत 2.40.000 रुपए है। आरोपी के विरुद्ध थाना मोहन नगर में धारा 8. 22. 27 क एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है ।

### हत्या के मामले में 3 गिरफ्तार



**भिलाई, 1 सितंबर (तछसं.)।** दरम्यानी रात ढाबा संचालक की हत्या के मामले में पुलिस ने नाबालिग समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नेहरू नगर चौक पर लिफ्ट मांगने को लेकर हुए विवाद के बाद आरोपियों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया था। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गाई पुलिस ने आरोपियों का जुलूस निकाला। बता दें कि मृतक की पहचान शिव कुमार सिंह (26 साल) के रूप में हुई उसकी मौत के बाद पुलिस ने मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी विशाल निषाद उर्फ छाया, रुपेन्द्र निषाद और एक नाबालिग लड़की को गिरफ्तार किया है पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया है ।

### लोगों को डराने वाला गिरफ्तार

**भिलाई, 1 सितंबर (तछसं.)।** भिलाई खुर्सीपार थाना क्षेत्र में कुछ व्यक्ति धारदार हथियार लेकर स्वयं को क्षेत्र का दबंग बताते हुए आने-जाने वाले लोगों को डराने-धमकाने तथा दहशत फैलाने की सूचना मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घेराबंदी की पुलिस को देखकर संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम गोविन्द साहू (20 साल ) निवासी गणेश मंदिर के पास खुर्सीपार, एवं सूरज कुमार कोठारी (19 साल ) निवासी डॉ. राजेन्द्र प्रसाद नगर खुर्सीपार बताया साथ ही एक नाबालिग भी प्रकरण में संलिप्त पाया तलाशी के दौरान आरोपियों एवं मौके से कुल 3 धारदार हथियार बरामद किए गए।

हलषष्ठी पर्व



कवर्धा। हलषष्ठी पर्व को लेकर सजा बाजार, पूजन सामग्री की बढ़ी मांग

## पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को किश्त जमा करने की सूचना

**भिलाई, 1 सितम्बर ।** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के मोर मकान मोर आस घटक के तहत किरायेदारी में निवासरत किरायेदारों एवं बेघर परिवारों को पात्रता संबंधी दस्तावेजों के परीक्षण एवं सक्षम स्वीकृति के बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवासों का पारदर्शी तरीके से आवंटन किया गया है। आवंटित हितग्राहियों को शासन के दिशा-निर्देशानुसार कुल अंशदान राशि की 10 प्रतिशत राशि जमा करना अनिवार्य किया गया है। निगम द्वारा जारी सूचना के अनुसार आवास आवंटन के एक माह बाद से लगातार नौ माह तक कुल अंशदान की शेष 90 प्रतिशत राशि 10 समान मासिक किश्तों के स्थान पर। मूल सूचना के अनुसार शेष राशि 09 माह तक 10 प्रतिशत की समान किश्तों में जमा करनी होगी। अतः आवंटियों को निर्धारित समयावधि में निगम कोष में किश्त की राशि जमा करना अनिवार्य है। इसकी जानकारी आवास आवंटन के लिए जारी सूचना पत्र के माध्यम से हितग्राहियों को दी जा चुकी है। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार यदि हितग्राही द्वारा दिया गया चेक लगातार दो बार बाउंस होता है अथवा निर्धारित समयावधि में राशि जमा नहीं की जाती है, तो संबंधित हितग्राही को डिफाल्टर घोषित किया जाएगा। ऐसी स्थिति में हितग्राही द्वारा जमा की गई प्रथम एवं द्वितीय किश्त की राशि राजसात की जा सकती है।

# चिल्फी बॉर्डर पर गांजा की बड़ी खेप पकड़ी गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 1 सितंबर।** पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगाँव रेंज राजनांदगाँव श्री अजय यादव के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक कबीरधाम श्री जितेन्द्र कुमार यादव (IPS) द्वारा जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत प्रभावी कार्रवाई करने, अंतर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने, संदिग्ध वाहनों की सघन जांच करने तथा अवैध मादक पदार्थों के परिवहन एवं तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को लगातार आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हेमसागर सिदार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल के सतत पर्यवेक्षण तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री प्रशांत देवांगन के दिशा-निर्देशन में थाना चिल्फी पुलिस द्वारा विशेष निगरानी एवं वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।इसी तारतम्य में थाना प्रभारी चिल्फी निरीक्षक बीरेन्द्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दिनांक- 31.08.2026 को एन.एच.-30 मेन रोड, थाना चिल्फी के सामने संदिग्ध वाहनों की सघन जांच की जा रही थी। दौरान बोडला की ओर से आ रहे एक कंटेनर ट्रक को पुलिस टीम द्वारा रोककर जांच की गई। वाहन में सवार व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा उससे



पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम बलजीत सिंह बताया।संदेह के आधार पर पुलिस टीम द्वारा कंटेनर ट्रक की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ड्राइवर सीट के ऊपर विशेष रूप से बनाए गए गुप्त चेंबर में खाकी रंग के टेप से लिपटे पैकेटों में भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा छिपाकर रखा हुआ पाया गया।बरामद मादक पदार्थ का वजन कराने पर कुल 04 क्विंटल 47 किलो 445 ग्राम गांजा होना पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 2,23,75,250/- रुपये है।पुलिस द्वारा आरोपी बलजीत सिंह पिता रवेल सिंह निवासी पट्टी सरा दी गांव चाटीपिंड, थाना चाटीपिंड,जिला अमृतसर पंजाब के कब्जे से 01 नग मोबाइल फोन, अनुमानित कीमत 5,000/- रुपये, तथा गांजा परिवहन में प्रयुक्त कंटेनर ट्रक, अनुमानित कीमत 27,00,000/- रुपये, भी जप्त किया गया है।इस प्रकार थाना चिल्फी पुलिस द्वारा कुल 2,50,80,250/- रुपये कीमत का मशरूका जप्त किया गया है।

### पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगाँव रेंज ने पुलिस टीम को किया पुरस्कृत

उक्त सराहनीय एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज राजनांदगांव श्री अजय यादव द्वारा कबीरधाम पुलिस एवं थाना चिल्फी की पुलिस टीम को 25,000/- रुपये के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है। साथ ही पुलिस टीम की सतर्कता एवं तत्परता की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार प्रभावी एवं परिणाममूलक कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी तथा अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।उक्त सम्पूर्ण कार्रवाई में वरिष्ठ अधिकारी गणों के कुशल निर्देशन पर थाना प्रभारी चिल्फी निरीक्षक श्री बीरेन्द्र वर्मा के नेतृत्व में थाना टीम से सहायक उप निरीक्षक बीरबल साहू, आरक्षक सुनील मरावी, जितेंद्र चन्द्रवनसी, पंकज यादव, दिलीप जायसवाल एवं अन्य चिल्फी थाना पुलिस टीम एवं एएनटीएफ टीम की सराहनीय भूमिका रही।

## समाचार संक्षेप

### भिलाई, रिसाली और चरोदा नगर निगम के वार्डों का आरक्षण 9 को

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 1 सितम्बर ।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने तीन प्रमुख नगर निगमों भिलाई, रिसाली और भिलाई-चरोदा के वार्डों का आरक्षण तय करने के लिए औपचारिक आदेश जारी कर दिया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार तीनों नगर निगमों के वार्डों का आरक्षण 9 सितंबर को कला मंदिर सिविक सेंटर में किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के तहत सुबह 11 बजे नगर निगम भिलाई, दोपहर 3 बजे नगर निगम रिसाली तथा शाम 5 बजे नगर निगम भिलाई-चरोदा के वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही होगी। प्रशासन द्वारा आरक्षण प्रक्रिया को निर्धारित नियमों एवं समय-सारणी के अनुसार संपन्न कराने की तैयारी की जा रही है। वार्ड आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद आगामी नगरीय निकाय निर्वाचन को लेकर तस्वीर और अधिक स्पष्ट हो सकेगी।

### जनदर्शन में 7 नागरिकों ने रखी समस्याएं उपायुक्त ने त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 1 सितम्बर ।** नगर निगम सभागार कक्ष में आयोजित जनदर्शन में 7 नागरिकों ने उपायुक्त नरेन्द्र कुमार बंजारे के समक्ष अपनी समस्याएं एवं मांगें रखीं। जनदर्शन में नागरिकों ने मूलभूत सुविधाओं, विकास कार्यों सहित व्यक्तिगत समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। उपायुक्त बंजारे ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का परीक्षण कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। आवश्यकतानुसार स्थल निरीक्षण कर वस्तुस्थिति की जांच करने के लिए भी कहा गया।निगम प्रशासन द्वारा जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों एवं मांगों को संबंधित विभागों को भेजकर उनकी स्थिति की जांच की जाती है। जरूरत पड़ने पर अधिकारियों द्वारा मौके का निरीक्षण कर समस्या के समाधान की कार्रवाई की जाती है। इससे नागरिकों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए बार-बार निगम कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। निगम आयुक्त सुरुचि सिंह के निर्देशानुसार आयोजित इस जनदर्शन का उद्देश्य नागरिकों और निगम प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना तथा शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना है।

### बीएसपी में पहली बार सतर्कता संवाद, पारदर्शिता पर हुई चर्चा



**भिलाई, 1 सितम्बर ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के पूर्व चलाए जा रहे अभियान के तहत 29 अगस्त को ब्लास्ट फर्नेस विभाग के अधिकारियों के लिए पहली बार सतर्कता संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा निर्धारित इस वर्ष की थीम सत्यनिष्ठा से समृद्धि पर केंद्रित कार्यक्रम में 20 से अधिक अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व महाप्रबंधक रेणु गुप्ता एवं उप महाप्रबंधक मो. नौशाद आलम ने किया। वरिष्ठ सतर्कता निरीक्षक वीवीएस राव एवं अजय सिंह भी उपस्थित रहे। संवाद के दौरान क्रय एवं क्रियान्वयन से जुड़ी व्यावहारिक चुनौतियों, अनियमितताओं पर आधारित केस स्टडी तथा संभावित जोखिमों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने प्रक्रियाओं को मजबूत बनाने, पारदर्शिता बढ़ाने और दैनिक कार्यों में सतर्कता एवं सत्यनिष्ठा के मानकों को प्रभावी ढंग से लागू करने के सुझाव दिए।

### असंगठित श्रमिकों को पीएम स्वनिधि सहित योजनाओं का मिलेगा लाभ

**भिलाई, 1 सितम्बर ।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के तहत शहर के पथ विक्रेताओं एवं असंगठित श्रमिकों को वित्तीय समावेशन, डिजिटल सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा 1 से 30 सितंबर तक लोक कल्याण मेले का आयोजन किया जा रहा है। आयुक्त सुरुचि सिंह के मार्गदर्शन में निगम के सभी पांचों जोनों में सुबह 10.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक मेले लगाए जाएंगे।

# वैशालीनगर कॉलेज में म्यूजिकल फिजिकल एक्टिविटी और योग का आयोजन किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 1 सितम्बर ।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग द्वारा म्यूजिकल फिजिकल एक्टिविटी एवं योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का आयोजन हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती अलका मेश्राम के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि म्यूजिकल फिजिकल एक्टिविटी जैसे मनोरंजक एवं ऊर्जावान व्यायाम विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नियमित शारीरिक गतिविधियां तनाव प्रबंधन, स्वस्थ जीवनशैली तथा सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायक होती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल, योग एवं व्यायाम को



भी अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के लिए योग प्रशिक्षक पंकज यादव को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को म्यूजिकल फिजिकल एक्टिविटी तथा योग की विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया। संगीत के साथ कराए गए व्यायाम और योग गतिविधियों में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एवं स्टाफ सदस्यों डॉ. कैलाश शर्मा, डॉ. संजय कुमार दास, डॉ. नीता डेनियल, डॉ. श्रीमती मेरिली राय, डॉ. श्रीमती रबिन्दर छाबड़ा, डॉ. आरती दीवान, डॉ. एम.एस. पटेल, श्रीमती सुशीला शर्मा, डॉ. श्रीमती शिखा श्रीवास्तव, डॉ. श्रीमती अल्पा श्रीवास्तव, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार देशमुख, डॉ. श्रीमती चाँदनी मरकाम, डॉ. अत्रिका कोमा, डॉ. अमृतेष शुक्ला, डॉ. श्रीमती रमा बनर्जी, डॉ. नीता गुप्ता एवं डॉ. खेमराज चंद्राकर सहित महाविद्यालय के कार्यालयीन कर्मचारियों की उपस्थिति रही। संयोजन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार देशमुख, संचालन डॉ. मीनाक्षी भारद्वाज एवं डॉ. अल्पा श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर क्रीड़ा विभाग द्वारा खेल गतिविधियों की श्रृंखला के तहत 30 अगस्त को पासिंग बॉल एवं डॉज बॉल का भी आयोजन किया गया। ।

### पूर्व सैनिक सेवा परिषद की कार्यकारिणी भंग, पवन निषाद बने प्रदेश अध्यक्ष

**भिलाई, 1 सितम्बर ।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ की दो दिवसीय प्रतिनिधि सभा का आयोजन किया गया। सभा के प्रथम दिवस जागृति मंडल, रायपुर में दोपहर 3 बजे ओपन सत्र आयोजित हुआ। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे पूर्व सैनिकों एवं प्रतिनिधियों ने संगठन की वर्तमान स्थिति, उपलब्धियों, कमियों, चुनौतियों एवं संगठन विस्तार को लेकर अपने विचार रखे। ओपन सत्र के दौरान सदस्यों ने प्रदेश कार्यकारिणी के कामकाज को लेकर असंतोष व्यक्त किया। प्रतिनिधियों द्वारा संगठन के नियमों के कथित दुरुपयोग एवं उल्लंघन तथा मनमाने ढंग से कार्य किए जाने के मुद्दे उठाए गए। उपस्थित प्रतिनिधियों की सहमति के आधार पर प्रदेश कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग करने का निर्णय लिया गया। प्रतिनिधि सभा के दूसरे दिन 30 अगस्त को बैठक में विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्षों, संस्थापक सदस्यों एवं वरिष्ठ पूर्व सैनिकों की सहमति एवं अनुमोदन से छत्तीसगढ़ प्रांत के संस्थापक सदस्य पवन कुमार निषाद को अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत करने पर सहमति बनी।

# फोर्ज एसएस शॉप के सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह में दी सुरक्षा की जानकारी

**भिलाई, 1 सितम्बर ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के फोर्ज एवं स्टील स्ट्रक्चरल शॉप में सुरक्षा प्रोत्साहन सप्ताह आयोजित किया गया। सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में संविदा श्रमिकों को सुरक्षा संचार मंच, अग्निशमन यंत्रों के सही उपयोग एवं सावधानियों तथा प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोस तथा विशेष अतिथि मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता ने सुरक्षा गतिविधियों की सराहना की। विभाग प्रमुख एवं महाप्रबंधक जितेन्द्र मोटवानी ने 360 डिग्री ऑब्जर्वेशन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संभावित जोखिमों की समय पर पहचान और सुधारात्मक कार्रवाई करने तथा सुरक्षित कार्यप्रणाली को कार्य संस्कृति का हिस्सा बनाने



पर जोर दिया। कार्यक्रम में अधिकारी साहू, जितेन्द्र गुप्ता, समीर मोहरील एवं के. विक्रम सहित अधिकारी, कार्मिक और पुरस्कार विजेता उपस्थित रहे। संचालन समीर मोहरील एवं के. विक्रम ने किया, जबकि जितेन्द्र गुप्ता ने आभार व्यक्त किया। सप्ताह के सफल आयोजन में के. विक्रम, अखिलेश उपाध्याय, आर.एस. यादव, भवानी शंकर, ज्योति नाथ, श्रीकांत शर्मा, वेणी प्रसाद एवं करण साहू का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### बंजारे ने किया धान संग्रहण केन्द्र का निरीक्षण

**तिल्दा-नेवरा,1 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र बंजारे के आदेशानुसार ब्लांक



कांग्रेस कमेटी एवं मंडल कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में एवं पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम आयोग के अध्यक्ष के शलैश नितिन त्रिवेदी विधानसभा क्षेत्र बलौदा बाजार के नेतृत्व में कांग्रेस वरिष्ठजनों कार्यकर्ता ने धान संग्रहण केन्द्र कोहका रोड स्थित तुलसी नेवरा में पहुंच कर निरीक्षण किया गया।वस्तु स्थिति पता चला कि ज़िम्मेदार कर्मचारी राम खिलावन वर्मा अनुपस्थित रहे चौकीदार यादव ने बताया कि लंच करने अपने घर गया है। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी महामंत्री पुर्व तिल्दा सोसायटी अध्यक्ष गजानंद वर्मा, ओम सिंह ठाकुर, पुर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा जनपद सदस्य , मंडल अध्यक्ष गोवर्धन यदु, मंडल अध्यक्ष हरि मार्खंडे, सेवा राम वैष्णव, के कृष्णा मुर्ति, योगेन्द्र पटेल, रूपेश कुमार सहित अन्य कांग्रेसी कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

### 15 सितंबर को रायपुर में भव्य अभियंता दिवस समारोह

**रायपुर,1 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** 15 सितंबर 2026 को महान अभियंता एवं भारत रत्न सर मोक्षगुडम विश्वेश्वरैया जी की 165वीं जयंती के अवसर पर अभियंता दिवस समारोह का भव्य आयोजन देश के महान अभियंता, राष्ट्र निर्माता एवं भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जी की 165वीं जयंती के अवसर पर अभियंता संगठन, रायपुर द्वारा दिनांक 15 सितबर 2026 को अभियंता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। अभियंता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन दो सत्रों में किया जाएगा। प्रथम सत्र में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुरूप विश्वेश्वरैया चौक, स्थानीय सर्किट हाउस के समीप, रायपुर में सर विश्वेश्वरैया जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। द्वितीय सत्र का आयोजन अग्रसेन धाम, जोरा, रायपुर में किया जाएगा। इस अवसर पर तकनीकी गोष्ठी, क्विज प्रतियोगिता, संगीत संध्या सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, विभिन्न अभियंता संगठनों के एक-एक उत्कृष्ट अभियतां को सम्मानित किया जाएगा तथा उल्लेखनीय कार्य एवं योगदान के लिए "इंजीनियर ऑफ द ईयर" सम्मान भी प्रदान किया जाएगा।

**अभियंताओं की प्रतिदिन बैठक एवं सुझाव आमंत्रित-** अभियंता दिवस समारोह को सफल एवं गरिमामय बनाने के लिए स्थानीय डाटा सेंटर, जल संसाधन परिसर, रायपुर में प्रतिदिन अभियंताओं की बैठक आयोजित की जा रही है। इन बैठकों में विभिन्न विभागों एवं संगठनों के अभियंता सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। अभियंता संगठन, रायपुर ने प्रदेश के समस्त अभियंताओं से आग्रह किया है कि वे इन बैठकों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने महत्वपूर्ण सुझाव, विचार एवं मार्गदर्शन प्रदान करें ताकि कार्यक्रम की रूपरेखा को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाया जा सके। संगठन द्वारा सभी अभियतांओं से अपील की गई है कि वे न केवल अभियंता दिवस समारोह में अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराएं, बल्कि आयोजन की तैयारियों में भी सक्रिय सहभागिता निभाएं। अभियंता संगठन, रायपुर का उद्देश्य अभियंता समुदाय के बीच एकता, आपसी समन्वय, तकनीकी उत्कृष्टता एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को और मजबूत करना है। साथ ही, युवा अभियंताओं को सर विश्वेश्वरैया जी के आदर्शों से प्रेरित कर देश एवं समाज के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करना है। आयोजन समिति ने सभी अभियंताओं, विभिन्न अभियंता संगठनों एवं संबंधित विभागों से कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता का आग्रह करते हुए इसे सफल बनाने हेतु आवश्यक सहयोग की अपील की है। अभियंता संगठन, रायपुर ने विश्वास व्यक्त किया है कि प्रदेश के समस्त अभियंताओं की सक्रिय सहभागिता, बहुमूल्य सुझाव एवं सहयोग से अभियंता दिवस समारोह को भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से सफल बनाया जाएगा तथा महान अभियंता सर एम. विश्वेश्वरैया जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की जा सकेगी।

### छत्तीसगढ़ पुलिस का 'साइबर जागृति अभियान'

**बलौदाबाजार,,1 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे व्यापक 'साइबर जागृति अभियान' के तहत आज दिनांक 31.08.2026 को थाना गिधपुरी पुलिस द्वारा हाईस्कूल सुन्द्रावन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी उनेश देशमुख द्वारा बच्चों को साइबर



अपराध से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि आजकल ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया पर फर्जी आईडी बनाकर ठगी, ओटीपी शेयर करने से होने वाले फ्रॉड के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। थाना प्रभारी ने बच्चों को समझाया कि -- अनजान लिंक पर क्लिक न करें- अपना ओटीपी, बैंक पासवर्ड किसी से शेयर न करें- किसी अनजान व्यक्ति से वीडियो कॉल पर बात न करें- साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 पर कॉल करेंइस दौरान बच्चों और शिक्षकों ने "जागरूकता की एक सेल्फी" लेकर साइबर सुरक्षा का संदेश दिया। बच्चों ने पुलिस का आभार जताते हुए कहा कि मिली जानकारी को वे अपने परिजनों तक भी पहुंचाएंगे। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य अशोक वर्मा शाला समिति अध्यक्ष सुभाष घृतलहरे संरक्षक नीलकमल आजाद, शिक्षक और बडी संख्या मे हाईस्कुल और मिडिल स्कुल के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### जिले में अब तक 906.4मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार,,1 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।**जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 31 अगस्त 2026 तक 906.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 1132 मिमी, बलौदाबाजार में 1037 मिमी, पलारी में 968.9 मिमी, लवन में 890.7 मिमी, सुहेला 854.1 मिमी, सिमगा में 830.8 मिमी, कसडोल 842.3 मिमी, भाटापारा में 837.8 मिमी एवं सोनाखान 748.2मिमी. वर्षा दर्ज की गई है।

# राजनांदगांव में साढ़े 6 वर्षों का कार्यकाल अविस्मरणीय : बड़ाईक

### संयुक्त संचालक डॉ. उषा किरण बड़ाईक को दी भावभीनी विदाई



**राजनांदगांव,1 सितंबर।** संयुक्त संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक का जिला जनसंपर्क कार्यालय राजनांदगांव से जनसंपर्क संचालनालय नवा रायपुर स्थानांतरण होने पर जिला जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों ने डॉ. बड़ाईक की उत्कृष्ट कार्यशैली, सौम्य, सरल, मधुर एवं आत्मीय व्यवहार की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। संयुक्त संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक ने कहा कि राजनांदगांव जिले में लगभग साढ़े 6 वर्षों तक कार्य करने का अवसर मिला। यह कार्यकाल उनके जीवन के अविस्मरणीय पलों में से एक रहा। उन्होंने कहा कि शासकीय दायित्वों के निर्वहन के दौरान जिला जनसंपर्क कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों का निरंतर सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क विभाग शासन की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को आम जनता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके लिए टीम भावना के साथ कार्य करना आवश्यक है। संयुक्त संचालक डॉ. उषा किरण बड़ाईक ने अधिकारी-कर्मचारियों को इसी तरह मेहनत, लगन एवं समर्पण के साथ कार्य करते हुए अपने कौशल को अपग्रेड करने और कार्यालयीन दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने डॉ. उषा किरण बड़ाईक के साथ कार्य करने के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि डॉ. उषा किरण बड़ाईक के नेतृत्व में कार्य करने का अवसर मिला और उनकी कार्यशैली एवं व्यवहार से बहुत कुछ सीखने को मिला। उनका मार्गदर्शन, सहयोग एवं आत्मीय व्यवहार सदैव प्रेरणादायी रहा। अधिकारी-कर्मचारियों ने आशा व्यक्त किया कि नवीन दायित्वों में भी उनका स्नेह एवं मार्गदर्शन मिलता रहेगा। अधिकारी-कर्मचारियों ने डॉ. उषा किरण बड़ाईक को जनसंपर्क संचालनालय, नवा रायपुर में नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ, सुखद, सफल एवं मंगलमय भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सहायक सूचना अधिकारी श्री प्रवीण रंगारी सहित श्री भूपेन्द्र साहू, श्री देवाशीष झा, श्री शिव साहू, श्री पुरुषोत्तम देवांगन, श्री हिमांशु साहू एवं श्री लेखराम साहू उपस्थित थे।

# बीआरपीएमएस की पहल रंग लाई

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,1 सितंबर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ (बीआरपीएमएस) छत्तीसगढ़ के निरंतर अभियान का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। बस्तर जिले से शुरू हुई सेवानिवृत्ति के समय ही पीपीओ एवं देय राशि भुगतान की पहल अब प्रदेश के अन्य जिलों के साथ-साथ रायपुर जिले में भी शुरू हो गई है। 31 अगस्त को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में रायपुर के विभिन्न विभागों के 49 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को कलेक्टर गौरव सिंह ने स्वयं पीपीओ (पेंशन पेमेंट आर्डर)एवं उनके देय लाभों से संबंधित दस्तावेज सौंपे और सेवानिवृत होने का प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ जिला रायपुर ने इस पहल के लिए प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव द्वारा किए गए सतत प्रयासों की सराहना करते हुए कलेक्टर गौरव सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है। पेंशनर्स महासंघ द्वारा लंबे समय से मुख्य सचिव से लेकर विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों से चर्चा एवं ज्ञापन के माध्यम से मांग की जा रही थी कि कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के समय ही पीपीओ सहित सभी देयकों का भुगतान सुनिश्चित किया जाए।जारी विज्ञप्ति में भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ



रायपुर संभाग अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, रायपुर जिला अध्यक्ष आर. जी. बोहरे एवं जिला सचिव ओ. डी. शर्मा ने कहा कि इस व्यवस्था से पेंशनरों को बार-बार विभागीय कार्यालयों और कोषालय के चक्कर लगाने से राहत मिलेगी तथा पीपीओ जारी करने और देयकों के भुगतान में होने वाले अनावश्यक विलंब पर रोक लगेगी। महासंघ ने मांग की है कि इस व्यवस्था को सभी विभागों में सख्ती से लागू किया जाए तथा लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए। इससे विभागीय अनियमितताओं पर अंकुश लगेगा और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समय पर उनका वैधानिक हक मिल सकेगा।

## गौरीनगर अंडरब्रिज हादसे में जान गंवाने वाले मृतक के परिवार से मिले महापौर

**राजनांदगांव,1 सितंबर।** दो दिन पहले गौरीनगर अंडरब्रिज में हुए दुखद हादसे में डूबकर जान गंवाने वाले 40 वर्षीय मृतक संतोष सोनवानी के परिजनों के घर पहुंचकर आज महापौर मधुसूदन यादव ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और इस कठिन घड़ी में हर संभव सहयोग एवं मदद का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर महापौर के साथ वार्ड पार्षद संजू बघेल, स्थानीय नेतागण अशोक निर्मलकर, सोनू यादव, दिनेश देवांगन, रघुबीर वाधवा, कबीर साहू, रामलाल गायकवाड़, विनोद गायकवाड़, छोटू राजपूत, महेश देवांगन सहित वार्डवासीगण उपस्थित रहे। ज्ञातव्य है कि मृतक अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ टॉकापारा अंडरब्रिज के पास अलग से घर बनाकर निवासरत् था, जहाॅ पहुॅचकर महापौर ने मृतक के परिवार को ढांढस बंधाया। शोक संतप्त परिवार से वार्तालाप के बाद महापौर मधुसूदन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को उचित एवं निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए ताकि हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

# आयस्टर मशरूम उत्पादन से आत्मनिर्भर बन रही टिकेश्वरी साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़



**बलौदाबाजार भाटापारा,1 सितंबर।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं स्वरोजगार के नए अवसरों से जुड़ रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रही हैं। विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम अर्जुनी निवासी टिकेश्वरी साहू भी बिहान के माध्यम से आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ रही हैं। वे ओम शांति स्व सहायता समूह से जुड़कर अपने पड़ोस की दीदी के साथ मिलकर घर पर ही आयस्टर मशरूम का उत्पादन कर रही हैं।टिकेश्वरी साहू ने बताया कि उन्होंने पिछले वर्ष भी घर पर आयस्टर मशरूम का उत्पादन किया था, जिससे उन्हें लगभग 20 से 25 हजार रुपए की आय प्राप्त हुई थी। इस अनुभव से उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उन्होंने इस वर्ष भी मशरूम उत्पादन शुरू किया है। घर पर ही कम लागत में शुरू की गई इस गतिविधि से उन्हें अपनी मेहनत के अनुसार अतिरिक्त आय अर्जित करने का अवसर मिल रहा है। टिकेश्वरी का कहना है कि बिहान स्व सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आर्थिक गतिविधियों से जुड़ने और अपनी क्षमता को पहचानने का अवसर मिला है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संचालित बिहान योजना, महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। महतारी वंदन योजना से आर्थिक संबल मिला है, वहीं उज्ज्वला योजना के माध्यम से स्वच्छ ईंधन की सुविधा मिलने से महिलाओं को चूल्हे के धुएं से राहत मिली है। बिहान योजना ने महिलाओं को घर की जिम्मेदारियों के साथ-साथ स्वरोजगार और आय अर्जित करने की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर दिया है।टिकेश्वरी साहू ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विष्णु भैया के सुशासन में इन जनहितकारी योजनाओं ने हम महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाया है और हमें केवल चूल्हे-चौके तक सीमित रहने के बजाय बाहर की दुनिया को देखने, नई चीजें सीखने और अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर दिया है।

## 1500 किमी दूर पंजाब में दबोचा वाहन चोर गिरोह, 6.50 लाख की कार बरामद

■ तरुण छत्तीसगढ़

**बलौदाबाजार,1 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में संपत्ति संबंधी अपराधों और अंतरराज्यीय अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सिटी कोतवाली पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने पंजाब के मोगा शहर में दबिश देकर शातिर वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से करीब 6.50 लाख रुपए कीमत की वर्ना कार (सीजी 09 जेएल 2169) बरामद की गई है।जांच में सामने आया कि आरोपियों ने लवन रोड स्थित कृषि यंत्र रिपेयरिंग दुकान में काम करने के बहाने कार मालिक की गतिविधियों पर नजर रखी थी। 22-23 अगस्त की दरमियानी रात उन्होंने दुकान के बाहर खड़ी कार के पहियों और बॉडी में लगी लोहे की सांकल को हथौड़े और रॉड से तोड़ा। इसके बाद ताला तोड़कर



इग्निशन से छेड़छाड़ कर कार चोरी कर ली और बिलासपुर, प्रयागराज व दिल्ली के रास्ते पंजाब फरार हो गए।सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी विश्लेषण के जरिए साइबर सेल ने आरोपियों की लोकेशन ट्रेस की। करीब 1500 किलोमीटर दूर मोगा में स्थानीय पुलिस की मदद से घेराबंदी कर तीनों को कार बेचने के लिए ग्राहक तलाशते समय पकड़ लिया गया। आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर बलौदाबाजार लाया गया है। उनके पास से दो हथौड़े और एक लोहे की रॉड भी जब्त की गई है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में जिले ने हासिल की बेहतर प्रगति

■ तरुण छत्तीसगढ़

**राजनांदगांव,1 सितंबर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत जिले में खरीफ 2026 में 1 लाख 42 हजार 333 हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों का बीमा कराया गया है। इस वर्ष की मौसमी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग द्वारा बीमा कंपनी के सहयोग से जिले की ग्राम पंचायतों में सघन फसल बीमा अभियान चलाया गया, जिसके सकारात्मक परिणाम मिले है। धान सिंचित क्षेत्र में 30 हजार हेक्टेयर तथा धान असिंचित क्षेत्र में 1 लाख 11 हजार हेक्टेयर क्षेत्र का बीमा हुआ है। इसके अलावा सोयाबीन में 504 हेक्टेयर तथा अरहर में 64 हेक्टेयर क्षेत्र बीमित हुआ है। शेष क्षेत्र में उड़द, मूंग एवं अन्य खरीफ फसलों का भी बीमा कराया गया है। सघन अभियान के परिणामस्वरूप खरीफ 2026 में धान सहित विभिन्न खरीफ फसलों के बीमा क्षेत्र में गत वर्ष की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। गत वर्ष लगभग 1 लाख 38 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में फसलों का बीमा हुआ था, जबकि इस वर्ष 4 हजार से अधिक हेक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को फसल बीमा के दायरे में लाया गया है। खरीफ 2026 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत 5 लाख 24 हजार 984 ऋणी किसान के आवेदन एवं 22 हजार 501 अऋणी किसान के आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसके माध्यम से लगभग 1 लाख 13 हजार 300 किसानों ने अपनी फसलों का बीमा कराया है। इन किसानों की फसलों के बीमा के लिए कुल 15 करोड़ 8 लाख 49 हजार 338 रूपए प्रीमियम राशि के रूप में बीमा कंपनी को प्राप्त हुई है।

# बीज एवं कृषि विकास निगम के नाम से फर्जी नियुक्ति पत्र देने का आरोप, निगम महाप्रबंधक ने रायपुर में दर्ज कराई शिकायत

■ तरुण छत्तीसगढ़

**बलौदाबाजार,1 सितंबर।** फर्जी ट्रांसफर आदेश मामले में जेल में बंद और भाजपा से छह साल के लिए निष्कासित पूर्व जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। अब उनके खिलाफ नौकरी लगाने के नाम पर 2 लाख रुपए की कथित ठगी का एक और मामला सामने आया है। कसडोल निवासी हेमंत साहू को छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर स्थायी नौकरी दिलाने का झांसा देकर रकम लेने और रायपुर स्थित बीज भवन के लेटरहेड पर कथित फर्जी नियुक्ति पत्र जारी करने का आरोप लगाया गया है। मामले में हेमंत साहू के मित्र मेघनाथ बंजारे ने 27 अगस्त को बलौदाबाजार एसपी कार्यालय में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, नियुक्ति पत्र में निगम के लेटरहेड और अधिकारी के हस्ताक्षर के कथित दुरुपयोग को लेकर निगम के महाप्रबंधक विनोद कुमार वर्मा ने रायपुर के तेलीबांध थाने में अलग से लिखित शिकायत दी है।

**कसडोल में नौकरी, 30,700 रुपए वेतन का उल्लेख**-शिकायत के अनुसार कृष्णा अवस्थी ने हेमंत साहू को कसडोल में बीज एवं कृषि विकास निगम के कार्यालय में डाटा एंट्री ऑपरेटर की स्थायी नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था। इसके एवज में कथित रूप से 2 लाख रुपए लिए गए। इसके बाद रायपुर स्थित बीज भवन के लेटरहेड पर एक नियुक्ति पत्र दिया गया, जिसमें 6 जुलाई 2026 को ज्वाइनिंग की तारीख और 30,700 रुपए मासिक वेतन का उल्लेख था। हेमंत जब नियुक्ति पत्र के आधार पर नौकरी ज्वाइन करने की तैयारी करने लगा तो उसे दस्तावेज की सत्यता पर संदेह हुआ। जानकारी जुटाने पर पता चला कि कसडोल में छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम का ऐसा कोई कार्यालय अथवा इकाई ही नहीं है। इसके बाद नियुक्ति पत्र के फर्जी होने की आशंका गहरा गई।

**महाप्रबंधक ने बताया पूरी तरह अवैध-** मामले की जानकारी निगम के अधिकारियों को दिए जाने पर महाप्रबंधक विनोद कुमार वर्मा ने कथित नियुक्ति पत्र को अवैध बताया। उनके अनुसार कसडोल में निगम की कोई इकाई नहीं है और पिछले दो वर्षों से निगम में किसी प्रकार का भर्ती अभियान भी नहीं चलाया गया है। उन्होंने नियुक्ति पत्र पर किए गए अपने हस्ताक्षर को भी फर्जी बताया। महाप्रबंधक ने आशंका जताई कि किसी पुराने आदेश को स्कैन कर कॉपी-पेस्ट के जरिए नया दस्तावेज तैयार किया गया तथा उसमें फॉन्ट और लेआउट में बदलाव किया गया। विभागीय लेटरहेड और अधिकारी के हस्ताक्षर के कथित दुरुपयोग को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने तेलीबांध थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

**प्रणव के खाते में लेनदेन की भी चर्चा-** शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि रकम का अधिकांश डिजिटल लेनदेन कृष्णा अवस्थी के पुत्र प्रणव अवस्थी के बैंक खाते में किया गया। प्रणव भी फर्जी ट्रांसफर आदेश मामले में जेल में बंद है। ऐसे में उसके बैंक खाते की जांच होने पर नौकरी लगाने के नाम पर अन्य लोगों से कथित लेनदेन का पता चलने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि, इस संबंध में पुलिस की ओर से अभी कोई आधिकारिक निष्कर्ष सामने नहीं आया है।

**अन्य बेरोजगारों से ठगी हुई या नहीं, जांच का विषय**-अब पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच करेगी। जांच में कथित 2 लाख रुपए के लेनदेन के अलावा बैंक खातों, डिजिटल भुगतान, कॉल डिटेल और नियुक्ति पत्र तैयार करने में इस्तेमाल किए गए दस्तावेजों की पड़ताल की जा सकती है। साथ ही यह भी जांच का विषय होगा कि क्या इसी तरह अन्य बेरोजगारों को भी सरकारी नौकरी का झांसा देकर रकम ली गई है। गौरतलब है कि कृष्णा अवस्थी पहले से ही फर्जी स्थानांतरण आदेश मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में उनके पुत्र प्रणव अवस्थी समेत छह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। अब नौकरी के नाम पर कथित ठगी और फर्जी नियुक्ति पत्र का नया मामला सामने आने से जांच का दायरा बढ़ने की संभावना है।

# सच को सामने लाना भी जेन जी का काम है

देश के राजनीतिक दलों की तरफ से अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए झूठ को सच की तरह पेश किया जा सकता है,कुछ समय तक लोग उसे सच भी मान सकते हैं लेकिन वह सच नहीं होता है, इसलिए जब भी सच सामने आता है तो पता चल जाता है कि झूठ झूठ होता है और सच सच होता है।हमारे देश में कुछ लोगों को भले ही वहम हो कि वह झूठ के जरिए लोगों को कुछ दिन गुमराह कर सकते हैं, थोड़ा सा राजनीतिक फायदा उठा सकते हैं लेकिन हकीकत में उनको बहुत बड़ा नुकसान होता है, देश की जनता निरंतर झूठ को सच की तरह पेश करने वालों को एक दिन पहचान लेती है और उसके बाद उन पर जरा भी भरोसा नहीं करती है। देश के लोगों के बीच निरंतर झूठ बोलने वाले राजनीतिक दलों की साख खत्म हो जाती है,लोगों को लगता है कि यह राजनीतिक दल व उनके नेता भरोसे के लायक नहीं है। जब कोई राजनीतिक दल भरोसे के लायक नहीं होता है तो जनता उसे शासन चलाने लायक नहीं मानती है और जो राजनीतिक दल व नेता सच बोलते हैं, जनता उन पर भरोसा करती है और उनको सरकार चलाने का मौका देती है, सेवा करने का मौका देती है। कांग्रेस और राहुल गांधी को यह बात तो चुनावों में मिल रही निरंतर हार के बात समझ लेनी थी कि वह इसलिए नहीं हार रहे हैं कि पार्टी कमजोर हैं, अच्छे नेता नहीं है।वह इसलिए हार रहे हैं कि उनको लगता है कि वह झूठ बोलकर जनता को गुमराह कर सकते हैं। वह झूठ बोलेंगे और जनता उस झूठ को पहचान नहीं सकेगी।जनता कांग्रेस के झूठ को पहचान रही है, उसके गुमराह करने के प्रयासों को समझ रही है, इसलिए चुनाव में वह राहुल गांधी व कांग्रेस पर भरोसा नहीं कर रही है। राहुल गांधी व उनके रणनीतिकारों को 24 के चुनाव में संविधान खत्म करने व आरक्षण समाप्त करने का झूठ बोलने के कारण जो 99 सीटें मिल गई थी, उनको वहम हो गया था कि हर चुनाव वह इसी तरह झूठ बोलकर जीत सकते हैं ,पीएम मोदी व भाजपा को हरा सकते हैं। हरा तो राहुल गांधी व कांग्रेस पीएम मोदी व भाजपा को 24 में भी नहीं पाए थे, वह झूठ बोलकर कुछ सीटें कम करने में सफल रहे।तब भाजपा को कुछ सीटों का नुकसान पहुंचाने के बाद कांग्रेस को ऐसा लगा था कि भाजपा को इसी तरह हराया भी जा सकता है लेकिन 24 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा समझ गई थी उसके चूक कहां हुई थी और उसने अपनी पिछली गलतियों से सबक लेकर फिर से अपनी रणनीति बनाई और आज स्थिति यह है कि लोकसभा चुनाव में कुछ सीटें जीतने के बाद कई राज्यों में कांग्रेस चुनाव हारती गई है। हाल के चुनाव में वह केरल व तमिलनाडु में सत्ता में है तो वह भी अपने गठबंधन के दलों के कारण है, देश की जनता राज्य हो या केंद्र कांग्रेस को अकेले चुनाव जीता नहीं रही है। उसे सत्ता नहीं सौंप रही है क्योंकि उसके नेता ने निरंतर झूठ बोलकर जनता का भरोसा खोया है। राहुल गांधी को कांग्रेस पीएम बनाना चाहती है लेकिन जनता उनको पीएम पद के लायक समझती नहीं है। क्योंकि जनता को निरंतर झूठ बोलने वाला व्यक्ति पीएम के रूप में पसंद ही नहीं आ सकता। जनता तो चाहती है कि देश का नेतृत्व जो कर रहा है और जो करना चाहता है उसे ईमानदार व सच बोलने वाला होना चाहिए क्योंकि पीएम पद पर कोई बेईमानी करे, कोई झूठ बोले यह जनता को जरा भी पसंद नहीं आता है।राहुल गांधी व उनके आसपास के बड़े नेता जो उनको सलाह देते हैं, वह जनता से कटे हुए हैं, इसलिए उनको पता नहीं है कि जनता राहुल गांधी व कांग्रेस से क्या चाहती है। राहुल गांधी को तो बचपन से यही लगता रहा है कि वह इसलिए पीएम बन सकते हैं क्योंकि इस देश में पीएम उनके परिवार के लोग ही बनते रहे हैं। गांधी परिवार में जो पैदा हुआ वही पीएम पद स्वाभाविक दावेदार होता है। पहले ऐसा होता था जब जनता के पास कांग्रेस और गांधी परिवार को कोई विकल्प नहीं होता था लेकिन जनता ने अब विकल्प तलाश लिया है और वह गांधी परिवार से बेहतर है, इसलिए जनता और किसी को मौका नहीं दे रही है। राहुल गांधी समझते हैं कि वह निरंतर झूठ बोलकर जेन जी और युवाओं को गुमराह कर सकते हैं लेकिन उनके इस वहम को एक जेनजी ने ही दूर कर दिया है। वह जेन जी के सामने चार कार्यक्रम में चालीस झूठ बोले ताकि पीएम मोदी की जगह जेन जी उनको अपना नेता माने और चुनाव में पीएम मोदी को हराकर सत्ता उन्हें सौंप दे। राहुल गांधी भूल गए कि जेनजी सच क्या जान सकती है यही हुआ एक जेनजी ने अपनी वेबसाइट बनाकर राहुल गांधी के चालीस में 29 खांटी झूठ और 11 गुमराह करने वाले झूठ को देश के सामने रख दिया और देश की जनता का विश्वास करना पड़ रहा है कि राहुल गांधी ने यह झूठ बोला है। इससे राहुल गांधी और कांग्रेस की बची खुची प्रतिष्ठा और कम हुई है और उस जेन जी लड़की के खिलाफ कांग्रेस ने एफआईआर करके अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार ली है। इससे साफ हो गया है कि कांग्रेस सच को सहन नहीं कर सकती है, बदला लेती है।

## सू- दोकू क्र. 147

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.146 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -147

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक146 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | वा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | ताँ | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

**दिल्ली में चलती स्लीपर बस में छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद सवाल**

# क्या महिलाएं आज भी सुरक्षित हैं?

**सुनील कुमार महला**



हाल ही में देश की राजधानी दिल्ली में चलती स्लीपर बस में 16 वर्षीय छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म की शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार घटना के आरोपी बस चालक और कंडक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा बस को भी जब्त कर लिया गया है, लेकिन इस घटना ने एक बार फिर यह गंभीर सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर देश में महिलाएं और बालिकाएं कितनी सुरक्षित हैं? इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि जिस बस में यह हैवानियत हुई, वह करीब 47 किलोमीटर तक चलती रही, लेकिन इस दौरान न तो बस को किसी चेकपोस्ट पर रोका गया और न ही किसी स्तर पर ऐसी कोई निगरानी सामने आई, जिससे इस अपराध को समय रहते रोका जा सकता।

मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, आरोपी बस चालक और कंडक्टर दोनों ही कानपुर के रहने वाले हैं, जबकि पीड़िता उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की रहने वाली और कक्षा 11वीं की छात्रा है। घटना 4 अगस्त की रात की बताई जा रही है, जो अब सामने आई है। बताया जाता है कि छात्रा किसी बात को लेकर अपने परिजनों से नाराज होकर बिना बताए नोएडा में रहने वाले अपने चचेरे भाई के पास जा रही थी। बारिश और अंधेरे के कारण वह गलती से परी चौक पर उतर गई। इसी दौरान वहां से गुजर रही एक खाली स्लीपर बस को देखकर उसने रुकने का इशारा किया। चालक ने बस रोककर उसे उसमें बैठा लिया। आरोप है कि इसके बाद कंडक्टर ने छात्रा के साथ अश्लील हरकत शुरू कर दी। पीड़िता के अनुसार, चालक और कंडक्टर ने उसके साथ दुष्कर्म किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। मामले को और गंभीर बनाने वाली बात यह है कि बस में पर्दे लगे हुए थे और कथित तौर पर सीसीटीवी कैमरे भी बंद थे। सवाल यह है कि करीब 47 किलोमीटर के लंबे सफर के दौरान बस के भीतर एक नाबालिग छात्रा के साथ यह जघन्य अपराध होता रहा और किसी को इसकी भनक तक नहीं लगी। इससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि इतने लंबे रास्ते में बस किसी चेकपोस्ट या निगरानी बिंदु पर क्यों नहीं रोकी गई? यदि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में निगरानी के पर्याप्त इंतजाम होते, सीसीटीवी कैमरे सक्रिय होते और बसों की नियमित जांच की जाती, तो संभव है कि इस घटना को समय रहते रोका जा सकता था।

बहरहाल, यहां यह कहना गलत नहीं होगा कि तमाम कड़े कानूनों, पुलिस गश्त और महिला सुरक्षा के दावों के बावजूद दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर अब भी गंभीर चिंताएं बनी हुई हैं। राष्ट्रीय राजधानी होने के नाते दिल्ली से यह अपेक्षा की जाती है कि यहां कानून-व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा की व्यवस्था देश के अन्य शहरों की तुलना में अधिक मजबूत और प्रभावी होगी। लेकिन यह विडंबना ही है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में दिल्ली लंबे समय से सवालों के घेरे में रही है।

पाठक यह जानते हैं कि वर्षों पहले हुए निर्भया कांड ने पूरे देश को झकझोर दिया था। 16 दिसंबर 2012 की उस भयावह घटना के बाद महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कानूनों में व्यापक बदलाव किए गए। आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 के माध्यम से बलात्कार से संबंधित कानूनी प्रावधानों को अधिक कठोर बनाया गया तथा यौन उत्पीड़न, पीछा करना (स्टॉकिंग), ताक-झांक (वॉययूरिज्म), तेजाब हमला और महिला को निर्वस्त्र करने जैसे अपराधों को स्पष्ट रूप से दंडनीय बनाया गया। गंभीर परिस्थितियों में बलात्कार के लिए आजीवन कारावास तथा कुछ मामलों में मृत्युदंड




तक का प्रावधान किया गया। बाद में 2018 में 12 वर्ष से कम उम्र की बच्चियों से बलात्कार के मामलों में भी मृत्युदंड का प्रावधान जोड़ा गया। महिलाओं की सुरक्षा, आपातकालीन सहायता और अन्य सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के उद्देश्य से निर्भया फंड के माध्यम से भी कई पहल की गईं।

लेकिन यहां सवाल यह उठता है कि क्या केवल कानूनों को कठोर बना देने से महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकती है? दिल्ली में निजी बस के भीतर एक नाबालिग छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म और फिर उसे बाहर फेंक दिए जाने की घटना बताती है कि कानून की कठोरता और उसके प्रभावी क्रियान्वयन के बीच अभी भी एक बड़ी खाई मौजूद है। वास्तव में, कानून तभी प्रभावी होगा, जब अपराधी को उसके उल्लंघन का त्वरित और निश्चित परिणाम दिखाई दे। यदि अपराधी को यह विश्वास हो जाए कि वह निगरानी व्यवस्था को आसानी से चकमा दे सकता है, तो कठोर कानून का भय भी कमजोर पड़ जाता है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े भी दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर चिंता पैदा करते रहे हैं। विशेष रूप से वर्ष 2013 के बाद के वर्षों में बलात्कार के मामलों का आंकड़ा इस समस्या की गंभीरता की ओर संकेत करता है। ऐसे में 4 अगस्त की रात हुई यह घटना केंद्र सरकार से लेकर दिल्ली प्रशासन और पुलिस की बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े करती है।

दरअसल, महिलाओं की सुरक्षा केवल पुलिस, कानून या सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। यह परिवार, समाज, प्रशासन और स्वयं महिलाओं, या यूं कहें कि ये हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सार्वजनिक स्थानों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, प्रभावी और सक्रिय सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षित एवं विश्वसनीय सार्वजनिक परिवहन तथा त्वरित पुलिस सहायता सुनिश्चित करना बहुत ही जरूरी व आवश्यक है। इसके अलावा बसों में लगे सीसीटीवी और जीपीएस की नियमित निगरानी होनी चाहिए तथा खराब उपकरणों को तत्काल दुरुस्त कराया जाना चाहिए। निजी बसों के चालकों और परिचालकों का सत्यापन, नियमित निगरानी और जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। इतना ही नहीं, महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा, हेल्पलाइन तथा अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाना चाहिए। परिवारों में बेटियों को डर और प्रतिबंधों में रखने के बजाय बेटों को सम्मान, समानता और संवेदनशीलता की शिक्षा देना कहीं अधिक जरूरी है। विद्यालयों में भी लैंगिक संवेदनशीलता और सुरक्षित व्यवहार को शिक्षा का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। कार्यस्थलों पर यौन उत्पीड़न के विरुद्ध प्रभावी शिकायत व्यवस्था और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें अपराध होने के बाद कार्रवाई करने की संस्कृति से आगे बढ़कर अपराध को रोकने की संस्कृति विकसित करने की जरूरत है। छेड़छाड़ को छोटी बात समझकर नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। वास्तव में, पीड़िता को दोषी ठहराने के बजाय उसे न्याय और सहयोग मिलना चाहिए तथा अपराधी को कानून का त्वरित और निष्पक्ष भय महसूस होना चाहिए। सार्वजनिक परिवहन में एक अकेली महिला या बालिका को यह भरोसा होना चाहिए कि उसके आसपास की व्यवस्था उसकी सुरक्षा के लिए सजग है।

आखिरकार, किसी भी सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वहां उसकी महिलाएं और बेटियां कितनी सुरक्षित हैं। दिल्ली की इस घटना को केवल एक आपराधिक वारदात मानकर भूल जाना पर्याप्त नहीं होगा। यह हमारी सुरक्षा व्यवस्था की उन कमजोर कड़ियों को पहचानने और उन्हें दूर करने का अवसर भी है, जिनका लाभ अपराधी उठाते हैं। कानून की कठोरता जरूरी है, लेकिन उससे भी अधिक जरूरी है उसका ईमानदार और प्रभावी क्रियान्वयन। जब कानून का भय, प्रशासन की सतर्कता, समाज की संवेदनशीलता और परिवार की जिम्मेदारी एक साथ काम करेंगे, तभी महिलाओं की सुरक्षा कागजों और दावों से निकलकर सड़क, बस, घर, कार्यस्थल और डिजिटल दुनिया-हर जगह वास्तविकता बन सकेगी।

## राशिफल

**मेष राशि**-आज का दिन आपके लिए ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। आपके सम्मान और मान में बढ़ोतरी होगी, जिससे मन में गर्व और संतोष महसूस होगा। सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने से आपकी छवि और निखरेगी। आप अपने धन का कुछ हिस्सा दान-पुण्य में लगाने के लिए सोचेंगे। भाई-बहनों के साथ बेवजह विवाद से बचें, और प्रॉपर्टी संबंधी किसी निर्णय में जल्दबाजी न करें। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी भी मिल सकती है।

**वृषभ राशि**-आज आप अपने नेतृत्व कौशल और समय प्रबंधन में निखार महसूस करेंगे। अनजान लोगों से दूरी बनाए रखना आपके लिए लाभकारी रहेगा। परिवार के सदस्यों के साथ कहीं घूमने-फिरने का आनंद भी मिलेगा। सेहत पर थोड़ा ध्यान दें और किसी पुराने बिजनेस या निवेश संबंधी समस्या को बातचीत के जरिए सुलझाने की कोशिश करें। परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**मिथुन राशि**-आज का दिन आपके लिए अप्रत्याशित लाभ और खुशियों से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ तालमेल बढ़ाने से रिश्तों की परेशानियां दूर होंगी। नया वाहन खरीदने के अवसर मिल सकते हैं। धन उधार देने में सावधानी बरतें, क्योंकि वापस मिलने की संभावना कम है। राजनीतिक या सामाजिक आयोजनों में हिस्सा लेने से आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कर्क राशि**-आज का दिन मिश्रित अनुभव लेकर आएगा, लेकिन फलदायक साबित होगा। श्रेष्ठ व्यक्तियों का मार्गदर्शन आपको अपने काम समय पर पूरा करने में मदद करेगा। भाई-बहनों के साथ संबंध मधुर रहेंगे और किसी विरोधी से बातचीत करने का अवसर मिलेगा। आपकी कोई मनोकामना पूरी होने से मन को बड़ी खुशी मिलेगी। जल्दबाजी में कोई निर्णय लेने से बचें।

**सिंह राशि**-आज का दिन सामान्य से बेहतर रहने वाला है। बेवजह विवादों से दूर रहें। नौकरी में कोई खुशखबरी मिलने के योग हैं और जिम्मेदारियों में जूनियर्स से सहयोग मिलेगा। संतान की पढ़ाई को लेकर गुरुजनों से बातचीत कर सकते हैं। शौक और मनोरंजन पर आप खर्च करेंगे, जिससे खर्चा बढ़ सकता है, लेकिन मन को संतोष मिलेगा।

**कन्या राशि**-आज का दिन आपके लिए अनुकूल और सुखद रहेगा। आपकी ऊर्जा और अनुभव आपके काम में लाभ देंगे। संतान से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। अपनी वाणी और व्यवहार में सभ्यता बनाए रखें। संतान को पढ़ाई-लिखाई के लिए बाहर भेजने के अवसर बन सकते हैं। धार्मिक या सामाजिक आयोजनों में भाग लेने से मानसिक संतोष मिलेगा।

**तुला राशि**-आज आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा। वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग मिलेगा और लंबे समय से रुके हुए काम गति पकड़ेंगे। घर के रिनोवेशन या छोटे निर्माण कार्य की शुरुआत हो सकती है। माताजी से किसी जरूरी काम को लेकर संवाद होगा। कुछ पुराने शत्रु मित्र बन सकते हैं, जिसे देखकर आपको हैरानी होगी।

**वृश्चिक राशि**-आज आपका रुका हुआ धन मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। नौकरी में समय से काम पूरा करने की कोशिश सफल होगी। साथी की समस्याओं का समाधान निकालेंगे और परिवार में पूजा-पाठ या धार्मिक आयोजन से सब व्यस्त रहेंगे। छोटे बच्चों के साथ कुछ समय मौज-मस्ती में बीतेगा। अगर आपका बिजनेस या धन डूबा हुआ था, तो उसे वापस पाने की संभावना है।

**धनु राशि**-आज का दिन आपके लिए लाभदायक और उत्साहवर्धक रहेगा। धर्म-कर्म के कामों में रुचि रहेगी। संतान की परीक्षा या कार्यक्षेत्र में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। मौज-मस्ती में समय बिताएंगे और मेहनत का फल भी प्राप्त करेंगे। जरूरी जानकारी साझा करने में सतर्क रहें। पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर सुलझाने की कोशिश करेंगे। बॉस से प्रमोशन को लेकर बातचीत हो सकती है।

**मकर राशि**-आज आपको विपरीत परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना होगा। सोच-समझकर कदम उठाने से काम पूरे होंगे। पैतृक संपत्ति के मामलों में सफलता मिलेगी। यदि आपने किसी से धन उधार लिया था, तो वह वापस मांग सकता है। आर्थिक स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेंगे। वाहन चलाने या किसी सहयोगी से मदद लेने में सतर्क रहें। नई कोशिशें सफल होंगी।

**कुंभ राशि**-आज जोखिम भरे कामों से दूर रहें। भाग्य आपका पूरा साथ देगा। कारोबार में आय के नए स्रोत खुल सकते हैं। किसी सहयोगी से अनावश्यक कहासुनी हो सकती है। शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें। कार्यक्षेत्र में कोई आपको धोखा देने की कोशिश कर सकता है, इसलिए सतर्क रहें। परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**मीन राशि**-आज का दिन सोच-समझकर काम करने का रहेगा। संतान के करियर को लेकर चिंता हो सकती है। बिजनेस में जोखिम से बचें और अनजान लोगों से दूरी बनाए रखें। माता-पिता की सेहत पर ध्यान दें। परिवार के साथ मौज-मस्ती और घूमने-फिरने का समय अच्छा रहेगा। यात्रा के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है।

# आईएएस,आईपीएस अधिकारियों का इस्तीफा

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) को भारत की शासन प्रणाली की रीढ़ माना जाता है। इन सेवाओं में प्रवेश केवल सरकारी नौकरी पाने का साधन नहीं है, बल्कि संविधान, राज्य और जनता के प्रति प्रतिबद्धता भी है। इसलिए, आईएएस या आईपीएस अधिकारी का इस्तीफा व्यक्तिगत पसंद नहीं माना जा सकता। यह प्रशासन, संगठनात्मक संस्कृति और शासन प्राथमिकताओं से जुड़े मुद्दों को भी संबोधित करता है। लेकिन हाल के वर्षों में, इस तरह के इस्तीफों ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या हमारी प्रणाली अपने सबसे कुशल और उच्च प्रशिक्षित अधिकारियों को ऐसा कार्यस्थल प्रदान कर सकती है जहां वे स्वतंत्रता, गरिमा और उद्देश्य के साथ अपनी प्रतिभा का उपयोग कर सकें। आईएएस/आईपीएस अधिकारी का इस्तीफा किसी सामान्य कर्मचारी के इस्तीफे जैसा नहीं होता। इन सेवाओं में प्रवेश पाने के लिए देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक को उत्तीर्ण करना, गहन प्रशिक्षण लेना और वर्षों तक जिम्मेदारियां निभाना आवश्यक होता है। जब कोई अधिकारी इस तरह के करियर को छोड़ने का फैसला करता है, तो स्वाभाविक है कि समाज उससे पूछेगा कि उसने ऐसा क्यों किया। सभी इस्तीफे व्यवस्था में खामियों के कारण नहीं होते। कारण वास्तविक हो सकते हैं, जैसे पारिवारिक जिम्मेदारियां, स्वास्थ्य, व्यक्तिगत परिस्थितियां, वैकल्पिक करियर या जीवनशैली में बदलाव। हालांकि, अन्य स्थितियों में, इस्तीफे निर्णय लेने की शक्ति की कमी, राजनीतिक या संस्थागत तनाव और कार्य परिस्थितियों से उत्पन्न दीर्घकालिक असंतोष के कारण भी हो सकते हैं। ऐसे में सवाल व्यक्तिगत नहीं रह जाता, बल्कि संस्थागत हो जाता है। प्रशासनिक अधिकारियों का मनोबल शासन की प्रभावशीलता से गहराई से जुड़ा होता है। प्रशासनिक प्रभावशीलता समय के साथ तब कमज़ोर हो सकती है जब अधिकारी को यह महसूस होता है कि निर्णय नियमों, कानूनों और जनहित के बजाय बाहरी दबावों के आधार पर लेने पड़ते हैं। यह विशेष रूप से ज़िला स्तर पर सच है, जहाँ प्रशासकों और पुलिस अधिकारियों को अक्सर कानून-व्यवस्था, विकास, सामाजिक तनाव और जनता की शिकायतों तथा निर्वाचित प्रतिनिधियों की अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाना पड़ता है। नागरिकों की अपेक्षाएँ होती हैं, और वहाँ राजनीतिक और संस्थागत दबाव भी होते हैं। जब ये दबाव बढ़ते हैं और अधिकारी के पास अपने विवेक का उपयोग करने का सीमित अवसर होता है, तो असंतोष और हताशा का उत्पन्न होना निश्चित है। इसलिए, जब भी नौकरी समाप्त करने के लिए वास्तविक व्यक्तिगत कारण मौजूद हों, तो उन्हें ध्यान में रखा जाना चाहिए; हालाँकि, जहाँ संस्थागत कारण मौजूद हों, उन्हें केवल यह कहकर खारिज नहीं किया जाना चाहिए कि बर्खास्तगी "व्यक्तिगत" कारण से थी।

आईएएस और आईपीएस अधिकारियों की स्थिरता, व्यावसायिकता और लोक सेवा के प्रति समर्पण उनके सर्वोत्तम गुणों में से हैं। लेकिन अगर अधिकारी अपने पेशेवर विवेक का पालन करने के बजाय अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता देने लगें तो यह गुण धूमिल हो सकते हैं। परियोजनाओं में देरी, कानून-व्यवस्था पर दबाव, शिकायतों पर निष्क्रियता और तबादलों को लेकर अनिश्चितता, ये सभी कारक अधिकारी के मनोबल को प्रभावित कर सकते हैं। एक सक्षम अधिकारी से कठिन परिस्थितियों में कड़े निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है। इसके लिए अधिकारी को संस्थागत समर्थन और पेशेवर आत्मविश्वास भी मिलना आवश्यक है। समय के साथ, किसी निर्णय के प्रति साहसिक और निष्पक्ष दृष्टिकोण कमजोर पड़ सकता है क्योंकि अधिकारी अपने करियर को ध्यान में रखते हुए उसका मूल्यांकन करने लगते हैं।

आज के युवा सरकारी कर्मचारियों के रूप में सुरक्षित नौकरी या आजीविका से संतुष्ट नहीं हैं। नौकरी से संतुष्टि, बेहतर कार्य-जीवन संतुलन, गरिमा और कौशल का सार्थक उपयोग भी पेशेवर स्वतंत्रता के लिए महत्वपूर्ण कारक बनकर उभर रहे हैं। यह बदलाव हमेशा बुरा नहीं होता। बल्कि, यह सरकारी संस्थानों के लिए अपने कार्यस्थल संस्कृति को आधुनिक बनाने का एक अवसर है। यदि कोई अधिकारी आश्वस्त है कि कोई अन्य क्षेत्र अधिक स्वायत्त है, बेहतर कार्य वातावरण प्रदान करता है और विचारों को व्यवहार में लाने के अधिक अवसर प्रदान करता है, तो सेवा छोड़ने के निर्णय को प्रतिबद्धता की कमी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। यह इस बात का भी संकेत दे सकता है कि सरकारी संस्थानों की प्रतिभा अधिग्रहण और प्रतिधारण रणनीतियों का पुनर्मूल्यांकन किया जाना चाहिए। हालांकि, इस मामले पर निष्पक्ष रूप से विचार किया जाना चाहिए। प्रत्येक अधिकारी का अनुभव अद्वितीय होता है और प्रत्येक इस्तीफ़ा प्रणाली पर दोषारोपण नहीं है। कुछ छिटपुट घटनाओं के आधार पर आईएएस/आईपीएस का मूल्यांकन करना भी उतना ही गलत होगा। हजारों अधिकारी बेहद कठिन परिस्थितियों में भी लगन और मेहनत से काम करते हैं। लेकिन, यदि इस्तीफ़ों का एक स्पष्ट पैटर्न दिखाई देता है, विशेष रूप से उन अधिकारियों से जो सक्षम हैं, सत्यनिष्ठा से परिपूर्ण हैं और निर्णय लेने में स्वतंत्र हैं, तो इसे महज एक संयोग मानकर खारिज नहीं किया जाना चाहिए। ऐसी स्थिति में सरकार, कार्मिक विभाग और सेवाओं के वरिष्ठ अधिकारियों को यह विचार करना चाहिए कि व्यक्ति, वातावरण या संस्था में क्या खामी है। इस प्रश्न का सबसे संवेदनशील पहलू शायद जनता का विश्वास है। नागरिक ऐसे अधिकारियों की ओर देखते हैं जिन्होंने देश की सबसे कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं में से एक को उत्तीर्ण किया हो और जो व्यवस्था को बेहतर बनाने में योगदान दें। तो ऐसे में क्या होता है जब वे पद छोड़ने का फैसला करते हैं? स्वाभाविक रूप से वे स्वयं से यह प्रश्न पूछते हैंः क्या शासन प्रणाली अपने सर्वश्रेष्ठ लोगों को आकर्षित कर सकती है? जब योग्य और प्रशिक्षित लोग बड़ी संख्या में सार्वजनिक संस्थानों को छोड़ने लगते हैं, तो इसके दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। सरकार को दो उच्च स्तरों पर कार्य करना चाहिए। पहला, उसे एक ऐसा पेशेवर वातावरण प्रदान करना चाहिए जो अधिकारियों को कानून और नियमों के दायरे में निर्णय लेने के लिए पर्याप्त स्वायत्तता प्रदान करे, साथ ही पेशेवर सम्मान, मानसिक सुरक्षा और संस्थागत समर्थन भी दे। दूसरा, इस्तीफे के कारणों को समझने के लिए एक स्पष्ट और सहानुभूतिपूर्ण प्रक्रिया होनी चाहिए। यह समझना महत्वपूर्ण है कि अधिकारी कब असंतुष्ट हो जाते हैं और अंततः किन कारणों से वे नौकरी छोड़ने के बारे में सोचते हैं। कार्यस्थल संस्कृति, अत्यधिक कार्यभार, निर्णय लेने में स्वायत्तता की कमी, पक्षपात, असुरक्षा या किसी अन्य पारस्परिक मुद्दों को हल करने के लिए व्यक्तिगत कौशल और संबंधों में सुधार करना पर्याप्त नहीं है। इसके लिए संस्थागत परिवर्तन की आवश्यकता है। अंततः आईएएस और आईपीएस अधिकारियों के इस्तीफे का मुद्दा एक कहीं अधिक बड़ा प्रश्न खड़ा करता हैः एक ऐसी शासन प्रणाली क्या होनी चाहिए जो अपने सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को बनाए रखने के लिए पर्याप्त रूप से सशक्त और मानवीय हो? सार्वजनिक सेवा में बने रहना केवल अनुशासन का मामला नहीं है। यह आत्मसम्मान, गौरव और अपने काम के उद्देश्य की भावना से भी जुड़ा है। एक प्रभावी लोकतंत्र वह है जिसमें व्यक्ति कानून या संविधान द्वारा बाधित होने के भय के बिना निर्णय ले सकता है, जहां वह दंडित हुए बिना असहमति व्यक्त कर सकता है और जहां उसकी पेशेवर ईमानदारी उसे बाधित नहीं करती है।

# नारी सम्मान कार्यक्रम में बीजापुर की शीला भारद्वाज सम्मानित

■ महिला सुरक्षा और संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 1 सितंबर।** महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और अधिकारों के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं अधिकारियों को सम्मानित करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग, रायपुर द्वारा 'नारी सम्मान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रायपुर स्थित पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी नवीन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को लैंगिक समानता, विधिक संरक्षण, साइबर सुरक्षा और महिला अधिकारों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान महिला सुरक्षा एवं संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारियों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया।इसी कड़ी में बीजापुर जिले की जिला संरक्षण अधिकारी (नवा बिहान योजना) शीला भारद्वाज को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान बीजापुर जिले में महिला सुरक्षा एवं संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न की स्थिति में उपलब्ध विधिक एवं प्रशासनिक सहायता का लाभ उठाने का संदेश दिया गया।

### आधी रात युवक पर भालुओं के झुंड ने किया हमला, ग्रामीणों ने बचाई जान

**कांकेर, 1 सितंबर।** जिले के हल्बा चौकी क्षेत्र अंर्तगत ग्राम बड़ाटोला में वन्य प्राणी भालुओं का आतंक लगातार जारी है। देर रात करीब 12.30 बजे सड़क से गुजर रहे एक युवक पर भालुओं के झुंड ने हमला कर दिया, हमले में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। कांकेर जिले में रात में बाईक या पैदल निकलना खतरे से खाली नही है, बीती रात में हुई दर्दनाक घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की हालात से सबक लेकर कांकेर में रात में बाहर निकलने से पहले एक बार विचार करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## समाचार संक्षेप

### एसपी ने थाना कुटरू का निरीक्षण कर लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 1 सितंबर।** पुलिस अधीक्षक बीजापुर उमेश प्रसाद गुप्ता ने सोमवार को थाना कुटरू का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं के साथ अधिकारी-कर्मचारियों की वेशभूषा, अनुशासन, विभिन्न रजिस्टरों, अपराध एवं मर्ग डायरी, गुम इंसान प्रकरण, आर्म्स-एम्युनेशन, छ्ष्टङ्गह्रस् कार्यप्रणाली तथा मालखाने का विस्तृत निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान मालखाने में सामग्री एवं जब्तशुदा माल के तरतीबवार और व्यवस्थित रख-रखाव को लेकर मालखाना मुंशी की कार्यप्रणाली की एसपी ने सराहना की। बेहतर कार्य के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया गया। वहीं उत्तम वेशभूषा, अनुशासन और कर्तव्य के प्रति सजगता का प्रदर्शन करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी पुलिस अधीक्षक ने पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया।वार्षिक निरीक्षण के दौरान एसपी उमेश प्रसाद गुप्ता ने थाना कुटरू में लंबित अपराधों एवं मर्ग प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने विवेचकों को लंबित मामलों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही मर्ग प्रकरणों में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा पुलिस अधीक्षक ने थाना स्टाफ को अनुशासन बनाए रखने, अभिलेखों का उचित एवं अद्यतन संधारण करने तथा पुलिसिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों को आमजन की शिकायतों का संवेदनशीलता और तत्परता के साथ निराकरण करने तथा क्षेत्र में प्रभावी पुलिसिंग सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया।वार्षिक निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुटरू बृजकिशोर यादव, उप निरीक्षक विजय मिश्रा, प्रवाचक-1 उप निरीक्षक विजेन्द्र श्रंगी सहित थाना कुटरू के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पोखरों व गड्ढों में स्वमेव उगने वाला पसहर चावल बिक रहा तिगुने भाव में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 1 सितंबर।** सनातन धर्म में पुत्रों की लंबी आयु के लिए हलषष्ठी मनाई जाती है, इसे छत्तीसगढ़ के लोक-जीवन में कमरछठ कहते हैं। कुछ इलाकों में इसे ललही छठ कहा जाता है। यह 2 सितंबर को बस्तर समेत देशभर में मनाया जाएगा। इस दिन पुत्रवती माताएं व्रत रखती हैं। दूसरे राज्यों में हलषष्ठी पर्व को भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलदाऊ के जन्मोत्सव के रूप में मनाने की परंपरा है। कमरछठ पूजा में इस्तेमाल किए जाने वाला पसहर चावल बाजार में पहुंच गया है, इसे तिगुने दाम पर बेचा जा रहा है।ज्ञात हो कि बिना हल जोते पैदा होने वाले पसहर चावल की पैदावार कम होने और पूजा में इसके महत्व के चलते यह सुगंधित चावल दोगुनी-तिगुनी कीमत पर बिक रहा है। बाजार में पसहर चावल फिलहाल 250-300 रुपये किलो में बिक रहा है। पूजा से एक दिन पहले इसकी कीमत और बढ़ सकती है। इसके अलावा भैंस के दूध, दही और घी की लोग एडवांस बुकिंग करवा रहे हैं। बाजार में भैंस का दूध 120 से 150 रुपये लीटर, 250 रुपये किलो दही और 1200-1500 रुपये प्रति किलो घी हलषष्ठी पर्व के लिए बुकिंग करा रहे हैं। पसहर चावल के साथ भैंस के दूध, दही और घी की मांग अभी से बनी हुई है।पोखरों, गड्ढों के किनारे अपने आप उगता हैसंजय बाजार में पसहर चावल बेच रही शांति यादव और कमला ने बताया कि पसहर चावल खेत, खलिहानों में नहीं उगाया जाता, बल्कि यह अपने आप नालों, तालाबों, पोखरों, गड्ढों के किनारे उगता है। इसकी साफ-सफाई करके बाजार में बेचा जाता है। हलषष्ठी पूजा में हल जोताई किए चावल का उपयोग नहीं किया जाता है।

पं. अरकित दास के अनुसार शास्त्रीय मान्यता है कि भादों कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्म हुआ था। कृषि कार्यों में इस्तेमाल किए जाने वाले हल को शस्त्र के रूप में बलराम धारण करते थे, इसके चलते इस पर्व को हलषष्ठी के नाम से भी जाना जाता है। बस्तर की महिलाएं हलषष्ठी व्रत की पूजा में बिना हल जोते पैदा होने वाले अनाज का भोग लगाकर पूजा करती हैं।

### बीमा कंपनी नामिनी को देगी 62 लाख रुपए का बीमा दावा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 1 सितंबर।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने बीमा दावे से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए भारतीय जीवन बीमा निगम, जगदलपुर को मृत बीमाधारक की नामिनी को कुल 62 लाख रुपए की राशि अदा करने का आदेश दिया है। आयोग ने 50 लाख रुपए की बीमा दावा राशि और 12 लाख रुपए बोनस के साथ मानसिक पीड़ा के लिए 10 हजार रुपए अलग से देने का निर्देश दिया है। यह आदेश जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त पीठ ने जारी किया है।

बीमा कंपनी बीमारी साबित नहीं कर सकी:मामले की सुनवाई के दौरान जिला उपभोक्ता आयोग ने पाया कि बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही कि बीमा धारक ज्योति जैन पॉलिसी लेने से पहले किसी बीमारी से पीड़ित थी। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि बीमा पॉलिसी जारी करने से पहले बीमा कंपनी को प्रस्तावक की आवश्यक मेडिकल जांच करानी चाहिए। आयोग के अनुसार सामान्य तौर पर बीमा कंपनी का अधिकृत चिकित्सक बीमा धारक की स्वास्थ्य स्थिति और फिटनेस का आंकलन करता है। जांच और उपलब्ध मेडिकल रिकॉर्ड के आधार पर संतुष्ट होने के बाद ही पॉलिसी जारी की जाती है। ऐसे में पॉलिसी जारी करने के बाद केवल पहले से मौजूद बीमारी का आरोप लगाकर बीमा दावा खारिज करना उचित नहीं माना जा सकता।

### इन्द्रावती पुल से गोरिया बहार तक बनेगा ग्रीन गेटवे:महापौर



**जगदलपुर, 1 सितंबर।** शहर के प्रवेश द्वार आमागुड़ा से गोरिया बहार तक राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्र को आकर्षक, स्वच्छ और हरित स्वरूप देने की कवायद तेज हो गई है। सोमवार को महापौर संजय पांडे ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अभियंता श्रीमती प्रज्ञा, वन विभाग के उमाकांत,यातायात प्रभारी जय राम चेरमोको एवं अधिकारियों के साथ ह॥ का निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर पाथवे पर पसरी गंदगी और उगे जंगली पेड़-पौधों को नगर निगम तथा नेशनल हाईवे विभाग की जेसीबी की सहायता से हटवाया गया। निरीक्षण के दौरान सड़क और पाथवे पर जगह-जगह जमा पानी की समस्या भी सामने आई। महापौर ने पानी निकासी की तत्काल व्यवस्था कराने के साथ ही भविष्य में जलभराव की समस्या न हो, इसके लिए स्थायी ड्रेनेज व्यवस्था विकसित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।10 सितंबर को 2600 पौधों का होगा रोपण-आमागुड़ा क्षेत्र को जगदलपुर के आकर्षक प्रवेश द्वार के रूप में विकसित करने की योजना के तहत आगामी 10 सितंबर को करीब 2600 पौधों का रोपण किया जाएगा। इसमें कनेर, बोगनविला और टैकोमा के पौधे शामिल हैं। प्रस्तावित पौधारोपण कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं वन मंत्री केदार कश्यप की उपस्थिति प्रस्तावित है।

## एक नजर

### 21 लाख के गांजा समेत एक आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर, 1 सितंबर।** बस्तर जिले की करपावंड थाना पुलिस ने एक आरोपी लालू प्रसाद बघेल के घर से छिपाकर रखा गया 42 किलो गांजा बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। बरामद गांजे का बाजार मूल्य 21 लाख रूपए आंका गया है।एसपी शलभ कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बस्तर पुलिस के द्वारा नशे के खिलाफ अभियान चलाकर नशे के सौदागरों तथा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में थाना करपावण्ड को प्रातः जरिये मुखबीर से सूचना मिली कि छतौडी ग्राम का लालू प्रसाद नाम व्यक्ति अपने घर में अवैध मादक पदार्थ गांजा को बिक्री करने के उद्देश्य से छिपाकर रखा है। तत्काल ग्राम छतौडी पहूँचकर आरोपी लालू प्रसाद बघेल पिता नरहरि बघेल उम्र-25 वर्ष जाति कुम्हार के घर की तलाशी लेने पर आरोपी घर आंगन के बाडी में गड्ढा बनाकर प्लास्टिक ड्रम को जमीन के अंदर रखकर उसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा और एक सफेद बोरी में घर के अंदर छिपाकर रखे गांजा को गवाहों के समक्ष लगभग 42 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 21,00000/-रूपये व एक टच स्क्रीन मोबाइल को विधिवत जप्त किया गया।

### विशाखापट्टनम-जगदलपुर एक्सप्रेस का प्लेटफॉर्म बदलने यात्रियों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**जगदलपुर,1 सितंबर।** बस्तर के यात्रियों को हो रही असुविधा को लेकर स्थानीय नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को बस्तर सांसद महेश कश्यप से मुलाकात कर उन्होने ट्रेन संख्या 18515 विशाखापट्टनम जगदलपुर एक्सप्रेस का जगदलपुर रेलवे स्टेशन पर आगमन प्लेटफॉर्म नंबर 3 के स्थान पर प्लेटफॉर्म नंबर एक में सुनिश्चित कराने की मांग का ज्ञापन सौंपा है।प्रतिनिधिमंडल ने सांसद महेश कश्यप को बताया कि विशाखापट्टनम से जगदलपुर आने वाली उक्त ट्रेन के प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर आने के कारण यात्रियों को स्टेशन से बाहर निकलने के लिए सीढ़ियों एवं फुट ओवरब्रिज का उपयोग करना पड़ता है। इससे विशेष रूप से बुजुर्गों, महिलाओं, मरीजों, दिव्यांगजनों तथा भारी सामान लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि बस्तर क्षेत्र से बड़ी संख्या में मरीज बेहतर उपचार के लिए विशाखापट्टनम जाते हैं। उपचार के बाद जब वे वापस लौटते हैं तब बीमारी अथवा शारीरिक कमजोरी की स्थिति में प्लेटफॉर्म नंबर-3 से सीढ़ियां चढ़ना-उतरना उनके लिए बेहद कष्टदायक हो जाता है। ऐसे में यात्री सुविधा एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए ट्रेन संख्या 18515 का आगमन स्थायी रूप से प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर किया जाना आवश्यक है।

### बस्तर की माटी से अंतरिक्ष तक गूंज

**जगदलपुर, 1 सितंबर।** आया मोचो दंतेश्वरी बाबा भैरम आय, कैसा जादू है तेरे बस्तर में' जब तीसरी कक्षा की नन्हीं छात्रा पायल की सुरीली आवाज शहीद गुंडाधूर कृषि महाविद्यालय के सभागार में गूंजी, तो पूरा माहौल तालियों की गड़गड़ाहट से सराबोर हो गया। यह केवल एक लोकगीत की प्रस्तुति नहीं, बल्कि सुदूर वनांचलों से निकलकर मुख्यधारा में अपनी पहचान दर्ज करा रहे बदलते बस्तर के आत्मविश्वास की हुंकार थी। अवसर था जिला प्रशासन एवं समग्र शिक्षा बस्तर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय 'टैलेंट तिहार-प्रतिभा को पंख' सत्र 2026-27 के भव्य समापन समारोह का, जहां स्कूली बच्चों की कला, संगीत और सांस्कृतिक विविधता ने हर किसी को चमत्कृत कर दिया।समारोह के मुख्य अतिथि बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने मां सरस्वती और आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभा को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि रामायण कालीन दंडकारण्य और महाभारत के दक्षिण कौशल की पावन भूमि बस्तर जल, जंगल और जमीन की अनमोल संपदा से सदैव परिपूर्ण रही है। महामहिम राष्ट्रपति के बजट अभिभाषण का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि समाज का वास्तविक विकास अपनी मूल विरासत और संस्कृति को सहेजकर ही संभव है। बस्तर के युवाओं के सामर्थ्य को रेखांकित करते हुए सांसद श्री कश्यप ने कहा कि इस अंचल में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। नारायणपुर के बच्चों का मलखंब कौशल, दंतेवाड़ा के युवाओं की घुड़सवारी, राष्ट्रीय खेल पदकों और क्रिकेट से लेकर आधुनिक विज्ञान तक युवाओं का परचम लहरा रहा है। देश के गगनयान मिशन और अंतरिक्ष अनुसंधान में भी बस्तर के नौजवानों की भागीदारी इस बढ़ते कदम का जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि अतीत में भ्रामक विचारधाराओं ने जिस पीढ़ी के हाथों में किताबों की जगह बंदूकें थमा दी थीं, आज वह दौर पूरी तरह बदल चुका है। बस्तर ओलंपिक और टैलेंट तिहार जैसे मंचों से अब युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक दिशा में बह रही है।

# युवा उड़ान-26 में गूंजा युवाओं के सामर्थ्य और संकल्प का संदेश,नवोदय विद्यालय परिसर में जुटे हजारों युवा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 1 सितंबर।** माओवाद प्रभावित बीजापुर की तस्वीर अब बदल रही है और इसी बदलाव में जिले के युवाओं की भूमिका अहम होने जा रही है। सोमवार को नवोदय विद्यालय परिसर में आयोजित ÷युवा उड़ान 2026÷ कार्यक्रम में जिलेभर से पहुंचे हजारों युवाओं ने उत्साह के साथ सहभागिता निभाई और विकसित छत्तीसगढ़ एवं विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

छत्तीसगढ़ युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय तोमर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नई ऊर्जा, सकारात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र निर्माण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा युवाओं के लिए किए जा रहे कार्यों, 'एक देश-एक चुनाव', विकसित छत्तीसगढ़-विकसित भारत और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने युवाओं से संवाद किया।

### युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत : तोमर

युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय तोमर ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है। युवाओं को अपनी ऊर्जा, प्रतिभा, ज्ञान और सामर्थ्य को सकारात्मक दिशा में लगाकर लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपनी प्रतिभा का उपयोग राष्ट्रहित में करने का आह्वान किया।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने युवाओं से परिवार, समाज, देश और भारतीय संस्कृति पर गर्व करते हुए अपनी जिम्मेदारियों को समझने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

### चुनौतियों से निकलकर संभावनाओं की ओर बढ़ रहा बीजापुर

कलेक्टर विश्वदीप ने कहा कि बीजापुर अब नई सोच, नई ऊर्जा और नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। लंबे समय तक माओवाद की चुनौती से प्रभावित रहे जिले में अब शांति और विकास का वातावरण मजबूत हुआ है। शिक्षा, खेल और रोजगार के क्षेत्र में युवाओं के लिए नए अवसर सामने आ रहे हैं।उन्होंने कहा कि बीजापुर के युवाओं में अद्भुत प्रतिभा और क्षमता है। शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा खेल के क्षेत्र में जिले के युवाओं ने अपनी प्रतिभा साबित की है। हाल ही में जिले के एक युवा का आईपीएस के रूप में चयन, विद्यार्थियों की प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों की उपलब्धियां इसका प्रमाण हैं।कलेक्टर ने युवाओं से कहा कि वे अपनी प्रतिभा पहचानें, निरंतर मेहनत करें और सपनों को लक्ष्य में बदलकर आगे बढ़ें। बीजापुर का युवा अब सिर्फ चुनौतियों की पहचान नहीं, बल्कि संभावनाओं और उपलब्धियों की नई कहानी लिख रहा है।

### नशे और साइबर अपराध के खिलाफ युवा बनें प्रहरी

पुलिस अधीक्षक उमेश प्रसाद गुप्ता ने युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए कहा कि युवा देश और समाज के भविष्य के निर्माता हैं। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

एसपी ने साइबर अपराधों को लेकर भी युवाओं को सतर्क किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की जानकारी प्रत्येक युवा के लिए जरूरी है। युवाओं को स्वयं जागरूक रहने के साथ अपने आसपास के लोगों को भी साइबर अपराध और नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना चाहिए।

### सुझाव पत्र के जरिए युवाओं ने रखी अपनी बात

कार्यक्रम में युवाओं को अपनी बात रखने और सुझाव देने का अवसर भी दिया गया। युवाओं ने सुझाव पत्र के माध्यम से अपने विचार साझा किए और विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों से संवाद कर मार्गदर्शन प्राप्त किया।नगरपालिका अध्यक्ष गीता सोम पुजारी एवं वरिष्ठ नागरिक घासी राम नाग ने भी युवाओं को सकारात्मक सोच, अनुशासन, मेहनत और सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान राज्य अलंकरण प्राप्त व्यक्तियों एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम्, राष्ट्रगान एवं राज्यगीत के साथ हुआ। पूरे कार्यक्रम के दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मैथियस कुजूर, जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे, संयुक्त कलेक्टर जागेश्वर कौशल, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला खेल अधिकारी उत्तम सिंह पंचारी सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# एनएमडीसी पुनर्नियुक्ति के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली, 1 सितंबर।** एनएमडीसी में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति और एल-1, एल-2 की नई भर्ती में कथित देरी को लेकर कांग्रेस ने एनएमडीसी प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया सोमवार को जिला युवा कांग्रेस और जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बचेली के हृदय स्थल हनुमान मंदिर चौक से पैदल रैली निकाली और एनएमडीसी बचेली चेकपोस्ट पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया।

रैली के चेकपोस्ट पहुंचते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना शुरू कर दिया। प्रदर्शन को देखते हुए मौके पर उपस्थित सीआईएसएफ के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर एनएमडीसी का मुख्य गेट बंद कर दिया गया। करीब एक घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एनएमडीसी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगें रखीं।



### महाप्रबंधक श्रीधर कोडली ने लिया ज्ञापन

प्रदर्शन के बाद एनएमडीसी के महाप्रबंधक श्रीधर कोडली मौके पर पहुंचे और कांग्रेस नेताओं से ज्ञापन लिया। कांग्रेस नेताओं ने साफ कहा कि एनएमडीसी में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति बंद की जाए और एल-1 व एल-2 के पदों पर नई भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए। दिया 10 दिनो का अल्टीमेटम, मांग पूरी नहीं हुई तो होगा उग्र आंदोलन जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा, बबलू सिद्दीकी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शकील अहमद रिजवी और सलीम रजा उस्मानी ,मनोज साहा, पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह गौतम ,संजीव साव, गुड्डा, बालाजी डाकुआ ,देवेंद्र नायक, किरण जयसवाल, रीना डाकुआ ब्रह्मा सोनानी,सुनील गाइन, विजय भोगामी, सहित कांग्रेस नेताओं ने एनएमडीसी प्रबंधन को 10 दिन का समय दिया है। नेताओं ने चेतावनी दी कि तय समय के भीतर नई एल-1, एल-2 भर्ती शुरू नहीं हुई और सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पुनर्नियुक्ति बंद नहीं की गई,

### एसडीएम से मृतक छात्र के पिता बोले-जैसा मेरे बेटे के साथ हुआ वैसा किसी के साथ न हो

**कांकेर, 1 सितंबर।** जिले के अंतागढ़ विकासखंड के फूलपाड़ में रक्षाबंधन के दिन छात्र हेमराज कुमेटी की मलेरिया से मौत के बाद अंतागढ़ एसडीएम राहुल रजक आज सोमवार को मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने उसके पिता संजय कुमेटी और परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली, परिवार को ढांढस बंधाया। मृतक छात्र हेमराज के पिता ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को लेकर अपनी पीड़ा व्यक्त की।

उन्होंने सर्वसुविधायुक्त अस्पताल और आपातकालीन एंबुलेंस की व्यवस्था की मांग की। भावुक होकर उन्होंने कहा, आज मेरे बच्चे के साथ हुआ। वह कल किसी और के साथ न हो। परिजनों का कहना है कि आपात स्थिति में यदि समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा और एंबुलेंस उपलब्ध होती, तो शायद स्थिति अलग हो सकती थी।

# पाताकुटरू में मोबाइल टॉवर ने बदली संचार की तस्वीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 1 सितंबर।** जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र पाताकुटरू में मोबाइल टॉवर का निर्माण एवं संचालन शुरू होने के बाद ग्रामीणों की वर्षों पुरानी संचार समस्या दूर हो गई है। ग्राम पंचायत मंगापेठा के अंतर्गत आने वाले इस दूरस्थ गांव में अब मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध होने लगी है। इससे ग्रामीणों का बाहरी दुनिया से संपर्क मजबूत होने के साथ शिक्षा, रोजगार, बैंकिंग और ऑनलाइन शासकीय सेवाओं तक पहुंच आसान होगी।घने जंगल और दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बीच बसे पाताकुटरू में लंबे समय से मोबाइल नेटवर्क बड़ी चुनौती बना हुआ था। ग्रामीणों को जरूरी फोन कॉल करने के लिए भी कई बार ऊंचे स्थानों अथवा दूसरे क्षेत्रों का रुख करना पड़ता था। इंटरनेट सुविधा के अभाव में ऑनलाइन पढ़ाई, आवेदन और डिजिटल सेवाओं का उपयोग भी मुश्किल था।

### विद्यार्थियों और युवाओं को सबसे ज्यादा फायदा

मोबाइल टॉवर शुरू होने से विद्यार्थियों और युवाओं को विशेष लाभ मिलने की उम्मीद है। अब विद्यार्थी ऑनलाइन पढ़ाई, शैक्षणिक सामग्री और डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म का उपयोग कर सकेंगे। वहीं युवा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, ऑनलाइन आवेदन, रोजगार संबंधी जानकारी और विभिन्न डिजिटल सेवाओं का लाभ आसानी से उठा सकेंगे।नेटवर्क सुविधा उपलब्ध होने से ग्रामीणों के लिए डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई भुगतान, ऑनलाइन सरकारी सेवाओं और शासकीय योजनाओं से जुड़े कार्य भी आसान होंगे। इससे जरूरी डिजिटल कामों के लिए दूर-दराज के कस्बों तक जाने की निर्भरता कम होगी।

दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की सुविधा केवल इंटरनेट तक सीमित नहीं है, बल्कि आपात परिस्थितियों में यह जीवनरक्षक साबित हो सकती है। बीमारी, दुर्घटना या अन्य आकस्मिक स्थिति में ग्रामीण अब स्वास्थ्य केंद्र, पुलिस, प्रशासन और परिजनों से तत्काल संपर्क कर सकेंगे। जरूरत के समय सहायता और सूचना का आदान-प्रदान पहले की तुलना में काफी तेज हो सकेगा।

### डिजिटल कनेक्टिविटी से विकास को मिलेगी रफ्तार

ग्रामीणों का कहना है कि आज के दौर में मोबाइल नेटवर्क केवल बातचीत का माध्यम नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, बैंकिंग और सरकारी सेवाओं से जुड़ने की महत्वपूर्ण कड़ी बन चुका है। पाताकुटरू में मोबाइल टॉवर शुरू होने से गांव के लोगों के लिए डिजिटल दुनिया के दरवाजे खुल गए हैं।यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड (USOF) के सहयोग से दूरस्थ क्षेत्र में स्थापित इस मोबाइल टॉवर को ग्रामीण क्षेत्र में संचार और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। टॉवर के संचालन से न केवल मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीणों के डिजिटल सशक्तिकरण को भी गति मिलेगी।

### विकास की नई कड़ी

पाताकुटरू जैसे दुर्गम वनांचल क्षेत्र में मोबाइल टॉवर का संचालन शुरू होना क्षेत्र के विकास की दिशा में अहम उपलब्धि है।

संचार सुविधा के विस्तार से आने वाले समय में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और डिजिटल सेवाओं की पहुंच और मजबूत होने की उम्मीद है। वर्षों से नेटवर्क के इंतजार में रहे ग्रामीणों के लिए यह सुविधा आधुनिक विकास से जुड़ने की नई राह लेकर आई है।

## एक नजर

### नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने जिले में चल रहा पखवाड़ा, 8 सितंबर तक होंगे विविध आयोजन



**रायगढ़, 1 सितम्बर।** जिले में राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा के तहत जिले के सभी विकासखंडों में जागरूकता कार्यक्रम, रैली तथा विभिन्न माध्यमों से नेत्रदान के प्रति जनचेतना बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। नेत्रदान पखवाड़ा 25 अगस्त से शुरू हुआ यह अभियान 8 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान आमजन को मरणोपरांत नेत्रदान के महत्व की जानकारी देकर नेत्रदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।राज्य शासन के दिशा-निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य नेत्रदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और दृष्टिबाधित व्यक्तियों के जीवन में नई रोशनी लाने के लिए समाज को प्रेरित करना है। जिला अंधत्व निवारण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. श्रीमती मीना पटेल ने बताया कि कॉर्निया में चोट या अन्य कारणों से सफेदी आने पर दृष्टि प्रभावित हो सकती है। ऐसे मामलों में कॉर्नियल प्रत्यारोपण के माध्यम से दृष्टि वापस लाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि मृत्यु के बाद किए गए नेत्रदान से दो दृष्टिहीन व्यक्तियों के जीवन में नई रोशनी लाई जा सकती है।उन्होंने बताया कि सामान्यतः 5 से 60 वर्ष की आयु के स्वस्थ व्यक्तियों की आंखें नेत्रदान के लिए उपयुक्त मानी जाती हैं। हालांकि रेबीज, टिटनेस, हेपेटाइटिस, सर्पदंश, जहर सेवन, जलने या डूबने से हुई मृत्यु के मामलों में नेत्रदान उपयुक्त नहीं माना जाता। नेत्रदान के लिए विशेष औपचारिकताओं की आवश्यकता नहीं होती। मृत व्यक्ति के परिजन या उत्तराधिकारी की अनुमति से चिकित्सकीय टीम द्वारा नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी की जाती है। नेत्रदान की प्रक्रिया मृत्यु के 6 घंटे के भीतर पूरी किया जाना आवश्यक है। इसलिए किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर परिजनों को यथाशीघ्र चिकित्सकीय टीम को इसकी सूचना देनी चाहिए। डॉ. पटेल ने आमजन से नेत्रदान के लिए आगे आने की अपील करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में नेत्रदान को महादान की संज्ञा दी गई है।

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा




**रायगढ़, 1 सितम्बर।** लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया की अध्यक्षता एवं राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह की सह-अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं अधोसंरचना परियोजनाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान योजनाओं का जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने तथा जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण करने पर जोर दिया गया।बैठक में लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया एवं राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह ने जिले की आवागमन व्यवस्था, स्कूल भवनों की स्थिति तथा जनसुविधाओं से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। सांसदों ने कहा कि बारिश के दौरान खराब सड़कों के कारण आम नागरिकों को परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यकतानुसार गड्ढों की मरम्मत कर आवागमन सुगम बनाया जाए। साथ ही स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप मांग एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने पर जोर दिया गया। लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने कहा कि शासन की योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर विकास कार्यों को गति देने तथा हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

# स्वास्थ्य विभाग झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध क्लीनिकों के खिलाफ लगातार कर रहा कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 1 सितम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के दिशा-निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुरक्षित और सुलभ बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों तथा बिना वैध अनुज्ञा के चिकित्सा कार्य करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। शिकायत प्राप्त होने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध अनुज्ञा के लोगों का उपचार करने अथवा किसी भी प्रकार की चिकित्सा या शल्य चिकित्सा करने वालों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। विभाग द्वारा ऐसे मामलों में लगातार निरीक्षण की प्रक्रिया जारी रखी जा रही है और यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी बीमारी की स्थिति में झोलाछाप डॉक्टरों से उपचार कराने के बजाय निकटतम शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अथवा पंजीकृत चिकित्सक से ही उपचार कराएं, ताकि सही जांच और उचित उपचार सुनिश्चित हो सके। इधर, आम लोगों को महंगे इलाज और दवाइयों के खर्च से राहत दिलाने के उद्देश्य से जिले के लगभग सभी विकासखंडों में जनऔषधि केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। इन केंद्रों के माध्यम से आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाइयां सामान्य बाजार मूल्य की तुलना में काफी कम कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। जनऔषधि केंद्रों में कई दवाइयां ब्रांडेड दवाओं की तुलना में लगभग 70 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध हैं, जिससे जरूरतमंद परिवारों के उपचार पर होने वाला खर्च काफी कम हो सकता है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार जेनेरिक दवाइयां गुणवत्ता और प्रभावशीलता के मामले में निर्धारित मानकों के अनुरूप होती हैं। इन दवाओं की उपलब्धता का उद्देश्य लोगों को किफायती दर पर आवश्यक औषधियां उपलब्ध कराना और उपचार के आर्थिक बोझ को कम करना है। दूर-दराज और ग्रामीण क्षेत्रों में जनऔषधि केंद्रों की उपलब्धता से लोगों को आवश्यक दवाइयां आसानी से मिल रही हैं। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि दवाइयां हमेशा चिकित्सक की सलाह के अनुसार ही लें और अधिक कीमत वाली दवाइयों के विकल्प के रूप में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाओं के बारे में चिकित्सक या फार्मासिस्ट से जानकारी प्राप्त करें। साथ ही किसी भी व्यक्ति द्वारा बिना वैध अनुमति चिकित्सा कार्य किए जाने की जानकारी मिलने पर इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दें, ताकि समय पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# शतरंज एकाग्रता और धैर्य का खेल राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 1 सितम्बर।** पीएम श्री नटवर हायर सेकेंडरी स्कूल, रायगढ़ में आयोजित जी.एच. रायसोनी मेमोरियल रायगढ़ जिला वन-डे रैपिड शतरंज टूर्नामेंट 2026 का समापन हुआ। जिला शतरंज संघ रायगढ़ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता के समापन समारोह में राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया तथा प्रतियोगिता में शामिल सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जिलेभर से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और खिलाड़ियों का शतरंज प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेना रायगढ़ में खेल प्रतिभाओं की समृद्ध संभावनाओं को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि शतरंज केवल मनोरंजन का खेल नहीं है, बल्कि यह एकाग्रता, धैर्य, अनुशासन, रणनीति और सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है। उन्होंने कहा कि शतरंज की 64 खानों वाली बिसात में असंख्य संभावनाएं छिपी होती हैं। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यही है कि खिलाड़ी को प्रत्येक चाल आगे की कई संभावित चालों को ध्यान में रखकर चलनी पड़ती है। सांसद ने कहा, ÷शतरंज की हर चाल सोच-समझकर चलनी पड़ती है, बिल्कुल जीवन की तरह। जीवन में भी धैर्य, अनुशासन और सही समय पर सही निर्णय ही सफलता की कुंजी है।राज्यसभा सांसद श्री सिंह ने शतरंज के ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि इस खेल की उत्पत्ति भारत में हुई और प्राचीन काल में इसे 'चतुरंग' के नाम से जाना जाता था। भारत से यह खेल दुनिया के विभिन्न देशों तक पहुंचा और आज शतरंज विश्व के प्रमुख बौद्धिक खेलों में शामिल है। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा है। इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी को अपने प्रतिद्वंद्वी का सम्मान करते हुए खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहिए।

# जनदर्शन में एडीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 1 सितम्बर ।** जिला कलेक्टोरेट परिसर में सोमवार को आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं, मांगें और शिकायतें प्रशासन के समक्ष रखीं। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आयोजित जनदर्शन में एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक जांच कर प्रकरणों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

तहसील खरसिया के ग्राम बगडेवा निवासी 64 वर्षीय वृद्धा लालाराम राम गबेल ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाने की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि उम्र अधिक होने के कारण अब मजदूरी करना उनके लिए मुश्किल हो गया है। ऐसे में पेंशन की राशि उनके लिए आर्थिक सहारे का महत्वपूर्ण माध्यम होगी। इसी तरह जनपद पंचायत पुसौर के ग्राम पड़िगांव निवासी भागीरथी प्रधान, श्याम लाल खम्हारी और नित्यानंद प्रधान ने भी वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन सौंपा।तहसील खरसिया के ग्राम कुर्रुभांठा निवासी उर्मिला यादव ने पड़ोसी द्वारा बनाए गए पक्के मकान से निकलने वाले पानी की निकासी को लेकर शिकायत की। उन्होंने बताया कि पड़ोसी के घर से निकलने वाला पानी उनके मकान की ओर आ रहा है, जिससे मकान को नुकसान पहुंच रहा है। समस्या का विरोध करने पर विवाद और लड़ाई-झगड़े की स्थिति बनने की बात भी उन्होंने कही। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर उचित समाधान की मांग की। क्षेत्र क्रमांक 7 राजपुर, जनपद पंचायत लैलूंगा के जनपद सदस्य श्री सदानंद निषाद ने ग्राम पंचायत बगुडेगा के लखनपारा मार्ग में कराए गए पुलिया निर्माण की गुणवत्ता को लेकर शिकायत प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण मद से निर्मित पुलिया अत्यंत स्तरहीन एवं गुणवत्ता विहीन है। उन्होंने निर्माण कार्य की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

ग्राम पटेलपाली के ग्रामीणों ने गांव में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आवेदन दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में दो उप स्वास्थ्य केंद्र मौजूद हैं, लेकिन वहां पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों को निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं को उपचार के लिए दूसरे स्थानों के अस्पतालों में जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने गांव में नियमित एवं पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। मां मंगला कॉलेज की छात्रा कुमारी जमुना पटेल ने कॉलेज प्रशासन द्वारा परीक्षा परिणाम और पंजीयन नहीं कराए जाने की शिकायत जनदर्शन में रखी। उन्होंने बताया कि उन्होंने निर्धारित नियमों के अनुसार पढ़ाई एवं परीक्षा पूरी कर ली है, लेकिन अब तक परिणाम और पंजीयन की प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। इसके चलते उनकी आगे की पढ़ाई, नौकरी तथा अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं में शामिल होने में परेशानी हो रही है। उन्होंने प्रशासन से मामले में हस्तक्षेप कर शीघ्र समाधान की मांग की।

जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजनों की समस्याओं के निराकरण में संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करने पर जोर दिया। साथ ही जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं से जुड़े अनेक आवेदन सौंपे। प्रशासन की ओर से संबंधित विभागों को प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

# ढलानों पर बनेंगे जल-संरक्षण के लिए ट्रेंच,संवरेंगे खेत और गांव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 1 सितम्बर ।** वर्षा जल के बेहतर प्रबंधन, मिट्टी के कटाव को रोकने और ग्रामीण क्षेत्रों में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में रायगढ़ जिले में स्टैगर्ड कंटूर ट्रेंच एवं कंटूर ट्रेंच निर्माण के कार्य स्वीकृत किए गए हैं। ढलान वाले क्षेत्रों में किए जा रहे ये कार्य वर्षा जल के तेज बहाव को नियंत्रित कर उसे भूमि में समाहित करने में सहायक होंगे, जिससे खेतों की नमी और भूमि की उत्पादकता को बनाए रखने में मदद मिलेगी।

जिले में कुल 16 हजार 873 ट्रेंच निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो लगभग 38.27 एकड़ क्षेत्र में निर्मित किए जाएंगे। इन कार्यों के लिए 52.55 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस योजना के अंतर्गत रायगढ़, खरसिया और तमनार विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कुल 28 कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें रायगढ़ विकासखंड में 6, खरसिया में 16 तथा तमनार विकासखंड में 6 कार्य शामिल हैं।

### वर्षा जल का संरक्षण, मिट्टी के कटाव पर नियंत्रण

स्टैगर्ड कंटूर ट्रेंच एवं कंटूर ट्रेंच का निर्माण विशेष रूप से ढलान वाले क्षेत्रों में वर्षा जल के बहाव को नियंत्रित करने के उद्देश्य से किया जाता है। इन संरचनाओं के माध्यम से पानी को रोककर धीरे-धीरे जमीन में समाहित होने का अवसर मिलता है। इससे भू-क्षरण कम होने, मिट्टी में नमी बनाए रखने और भूमि की उत्पादक क्षमता को संरक्षित करने में मदद मिलेगी।

### प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ रोजगार का अवसर

इन कार्यों को ग्रामीण समुदाय की भागीदारी और श्रम आधारित गतिविधियों के माध्यम से क्रियान्वित किया जा रहा है।

# खेल दिवस पर कमला नेहरू पार्क से हेमू कालाणी चौक तक मार्च पास्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायगढ़, 1 सितम्बर ।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच महिला संस्कृति शाखा रायगढ़ द्वारा आज कमला नेहरू पार्क में एक भव्य वॉक-थॉन कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में मातृ शक्ति के साथ युवकों ने भाग लिया सुबह सात बजे प्रारंभ हुई इस वॉकथॉन की शुरुवात संस्था की देश प्रेम की परंपरा के मुताबिक राष्ट्रगान के साथ हुई इसके बाद सफेद शर्ट एवं टी शर्ट पहने युवक युवतियों का विशाल जत्था एकता का संदेश देते हुए पार्क से हेमू कालाणी चौक के लिए निकला राष्ट्रीय एवं देश प्रेम के ओजस्वी गीतों के साथ 100 से भी ज्यादा प्रतिभागी कतार बद्ध हो कर ÷वाक करो स्वास्थ्य रहो के प्रेरणादाई नारे लगाते हुए हेमू कालाणी चौक पहुंचे जहां समाज सेवी एवं शिक्षा विद रामचंद्र शर्मा ने अमर शहीद हेमू कालाणी जी की प्रतिमा पर तिरंगा माला अर्पित कर अमर शहीदों को नमन किया गया ओर परिक्रमा करते हुए वॉक-थॉन की यह दौड़ वापस कमला नेहरू पार्क में समाप्त हुई जहां सभी ने हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया संस्था की अध्यक्ष दीप्ति गुप्ता ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया रायगढ़ संस्कृति शाखा की यह विशेष पहचान है कि उनके हर कार्यक्रम के शुभारंभ और स्वागत में रामायण एवं हनुमान चालीसा भेंट की जाती है इस अवसर पर उपस्थित विशिष्ट अतिथियों का संस्था की अध्यक्ष दीप्ति गुप्ता ने रामयण एवं हनुमान चालीसा भेट कर उनका आध्यात्मिक स्वागत किया कार्यक्रम के मुख्यातिथि रामचंद्र शर्मा व महापौर जीवधन चौहान अग्रसेन सेवा संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप गर्ग व मुकेश क्लानोरिया रेखा महामिया के साथ विशेष सहयोग के लिए मार्निंग वॉकर सोसायटी के सदस्यों का संस्था ने बुके व रामायण भेट कर विशिष्ट सम्मान किया स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए संस्था की ओर से सभी के लिए अंकुरित मूंग, चने का हेल्दी सलाद के साथ चाय एवं बिस्किट की व्यवस्था की गई थी कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही ?महिला एवं मातृशक्ति सदस्यों में अध्यक्ष दीप्ति गुप्ता, सचिव शालू गोयल कोषाध्यक्ष मधु गुप्ता, आशा गोयल, रेखा जैन,राखी गुप्ता, कीर्ति अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल (कुसुमरा), सुनीता अग्रवाल, कोमल अग्रवाल और प्रीति अग्रवाल (कालिंदी कुंज) की विशेष उपस्थिति रही एवं ?सम्मानित पुरुष सदस्यों में सलीम नियारियां सरस गोयल, अनिल गर्ग, विमल मित्तल, शिव बापोडिया, संजय खेमका, दीपक अग्रवाल (डोरा), राजेश अग्रवाल (पिंटू), राजेश अग्रवाल (9995), विन्नू पालीवाल, लखीराम अग्रवाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल (PD), विजय अग्रवाल, सुदेश पांडे, मुकेश अग्रवाल, सुनील मोदी और मीनू बोहिदार हेमंत गोयल मुकेश गोयल मनोज हुडा मुकेश आयुष ऑप्टिकल संजय (कालू) मनोज मित्तल विनोद ठाकुर पाल बाबू के साथ बड़ी संख्या में युवकों का विशेष सहयोग रहा।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का ऐतिहासिक एवं यादगार आयोजन 2 से 6 तक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 1 सितम्बर ।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री श्याम बाबा की असीम कृपा व आशीर्वाद से श्री श्याम मंडल रायगढ़ की ओर से भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी महापर्व की खुशी में आगामी 2 से 6 सितंबर तक ऐतिहासिक एवं यादगार पांच दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 2 सितंबर को ओघड़ संत पूज्यपाद श्री प्रियदर्शी राम जी के पावन सानिध्य में और विशिष्टगणों की उपस्थिति में किया जाएगा। महोत्सव के लिए श्याम बगीची परिसर में बारह हजार वर्ग फुट में वाटरप्रूफ पंडाल बनाया गया है। जहाँ मनभावन स्वचालित **झांकियों में**-सिद्धी विनायक गणेश जी,कृष्ण सुदामा मिलन,कृष्ण जी का गौ प्रेम,गोपियों संग रास लीला,कर्मा बाई का प्रभु प्रेम,विराट हनुमानजी पहाड़ मंदिरडोरेमोन फूल बंगला का भव्य रुप दिया जा रहा है। जिसे कोलकाता के कलाकार नवरुप दे रहे हैं और स्वचालित झांकियों को दुर्ग अंजोरा के कलाकार भव्यता दे रहे हैं। वहीं श्याम बगीची और श्याम मंदिर परिसर व क्षेत्र को हाईटेक सीसीटीवी कैमरे से सुरक्षा की दृष्टि से अपडेट किया गया है, एवं पंडाल में गर्मी से राहत देने हेतु फागिंग सिस्टम लगाया जा रहा हैं दर्शन पूजन करने आए श्रद्धालुओं के लिए अलग से बैरिकेट्स की सुविधा की गई है। इसी तरह सुरक्षा गार्ड दिन व रातभर परिसर में तैनात रहेंगे। पुलिस विभाग, ट्रैफिक विभाग के जवान भी अपनी सेवाएं देंगे। सफाई व्यवस्था में निगम के कर्मचारियों का भी योगदान रहेगा। इसी तरह 4 सितम्बर जन्माष्टमी में भजन कीर्तन व मधुर गीत के साथ 56 भोग व माखन मिश्री का भोग लगाकर फूलों की वर्षा से भगवान श्रीकृष्णजी का स्वागत व धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसके पश्चात उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। पाँच दिवसीय श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का समापन आगामी 6 सितंबर को विशिष्टगणों की उपस्थिति में होगा। पाँच दिवसीय ऐतिहासिक श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के ऐतिहासिक व यादगार आयोजन को भव्यता व सफल बनाने में अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल लेंध्रा, सचिव आनंद गर्ग, उपाध्यक्ष मुकेश गोयल, कोषाध्यक्ष दीपक मित्तल, सहसचिव जयप्रकाश गोयल, सचिन बंसल,गजेन्द्र गर्ग, संजय अग्रवाल, अनिल गर्ग, बिनोद अग्रवाल, दीपक गर्ग ष्ट, महेश सिंघानिया, मनोज बेरीवाल, शिव थवाईत, सुनील बंसल, ऐश अग्रवाल, सुनील RTO, सुनील लेंधरा, संजय शर्मा, संजय कोशा, मनोज हौंडा राजेश गोयल, राहुल कंप्यूटर, अंगे शर्मा, आर्यन अग्रवाल, लक्ष्मण शर्मा, पुरषोत्तम अग्रवाल, हरबिलास अग्रवाल, दीपक ज्योति, अमित जिंदल, पंकज अग्रवाल, नरेंद अग्रवाल, पवन शर्मा आरटीओ, राजेन्द्र अग्रवाल सहित सभी सदस्यगण जुटे हैं।

# अंतरविभागीय समन्वय से शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें:कलेक्टर



**रायगढ़, 1 सितम्बर।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने सभी विभागों को आपसी एवं अंतरविभागीय समन्वय स्थापित करते हुए शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि शासन की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी आज जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में एग्रीस्टैक, डिजिटल क्रॉप सर्वे, स्वामित्व योजना सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं, कार्यक्रमों एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने एग्रीस्टैक अंतर्गत लंबित 'बकेट क्लेम' प्रकरणों के निराकरण में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को मैदानी स्तर पर किसानों से संपर्क स्थापित कर अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### 15 सितम्बर तक एग्रीस्टैक के लंबित प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण

कलेक्टर ने एग्रीस्टैक अंतर्गत बकेट क्लेम प्रकरणों की तहसीलवार एवं समितिवार समीक्षा की। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में लंबित प्रकरणों की संख्या अधिक है, वहां विशेष प्राथमिकता के साथ कार्य किया जाए। उप संचालक कृषि को एसएडीओ एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क एवं समन्वय स्थापित कर लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को स्वयं मैदानी क्षेत्रों में जाकर किसानों से संपर्क स्थापित करने, लंबित प्रकरणों की वास्तविक स्थिति की जानकारी लेने तथा कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रहना चाहिए।उल्लेखनीय है कि किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ सहजता से उपलब्ध कराने तथा एग्रीस्टैक से संबंधित लंबित प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर ने 15 सितम्बर तक एग्रीस्टैक के सभी लंबित 'अनक्लेम्ड बकेट' प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने जिले के सभी किसानों से अपनी भूमि की फॉर्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की है।

### डिजिटल क्रॉप सर्वे में वास्तविक फसल स्थिति का करें सत्यापन

कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे की तहसीलवार समीक्षा करते हुए गिरदावरी, नक्शा मिलान एवं अनुमोदन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने लंबित अनुमोदन कार्यों में आवश्यक तेजी लाने के लिए सभी तहसीलदारों एवं अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में जीपीएस के माध्यम से सर्वे करने में कठिनाई आ रही है, वहां नियमानुसार मैन्युअल प्रक्रिया के माध्यम से कार्य सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने ई-गिरदावरी एवं डिजिटल क्रॉप सर्वे के दौरान फसल की वास्तविक स्थिति का मौके पर सत्यापन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सर्वेयर खेतों में पहुंचकर मोबाइल एप के माध्यम से वास्तविक फसल की जानकारी दर्ज करें। तालाब, मेड़, पड़ती, खलिहान एवं अन्य फसलों का सही चिन्हांकन करते हुए वास्तविक फसल रकबे का निर्धारण किया जाए। कलेक्टर ने सर्वेयरों की नियमित समीक्षा बैठक आयोजित करने तथा आकस्मिक निरीक्षण के माध्यम से गिरदावरी कार्य का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश भी दिए। किसी भी प्रकार की त्रुटि अथवा विसंगति पाए जाने पर तत्काल संबंधित अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराने कहा गया।

### स्वामित्व योजना के पट्टों का समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करें

कलेक्टर ने स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अंतिम प्रकाशन वाले ग्रामों की सूची एवं पट्टा वितरण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि पात्र हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्वामित्व योजना के तहत पट्टों का वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ग्राम पंचायत स्तर पर नामांतरण एवं बंटवारा के प्रकरणों की भी समीक्षा की तथा समय-सीमा के बाहर लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि कोई भी प्रकरण निर्धारित समय-सीमा के बाहर लंबित नहीं रहना चाहिए।

### निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और समय-सीमा का रखें विशेष ध्यान

कलेक्टर ने सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्वीकृत, निर्माणाधीन एवं पूर्ण हो चुके सामुदायिक शौचालयों की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में संचालित प्रत्येक निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो और निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। निर्माण कार्यों के दौरान आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण दायित्व के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों एवं प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक जांच सुनिश्चित करने तथा दोषी पाए जाने वाले संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में डीएफओ श्री सत्यदेव शर्मा, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो, अपर कलेक्टर रवि राही, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती पूजा बंसल, डिप्टी कलेक्टर श्री धनराज मरकाम, सुश्री शिल्पा भगत सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# 1 से 15 सितंबर तक चलेगा साक्षरता पखवाड़ा

**रायगढ़, 1 सितम्बर ।** जिले में 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' के अंतर्गत जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण, रायगढ़ द्वारा 1 से 15 सितंबर तक साक्षरता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य जिले के प्रत्येक नागरिक को साक्षर बनाना और 'हर नागरिक साक्षर बनेगा, रायगढ़ विकसित बनेगा' के संकल्प को साकार करना है। साक्षरता पखवाड़े के दौरान जिले के सभी विकासखंडों, ग्राम पंचायतों और नगरीय क्षेत्रों में अलग-अलग जागरूकता एवं सहभागिता आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत साक्षरता शपथ, असाक्षरों का घर-घर सर्वेक्षण, उल्लास मोबाइल ऐप के माध्यम से नामांकन तथा विद्यालय स्तर पर साक्षरता संगोष्ठी आयोजित की जाएगी।पखवाड़े के दौरान शिक्षक दिवस पर विशेष कार्यक्रम, साक्षरता चौपाल, कला, निबंध, गीत, वाद-विवाद एवं मेहंदी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम होंगे। नवाचारी शिक्षण सामग्री प्रदर्शनी, वाचन दिवस, रेडियो जिंगल एवं लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। अभियान में व्यावसायिक एवं डिजिटल साक्षरता गतिविधियों, उल्लास मेला तथा हिंदी दिवस पर विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। पखवाड़े के समापन अवसर पर समारोह एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

### साक्षरता से बढ़ेगा आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता

जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अनुसार अभियान को सफल बनाने में स्वयंसेवी शिक्षक, विद्यालय, सामाजिक संगठन, युवा, जनप्रतिनिधि और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है। साक्षरता केवल पढ़ना-लिखना सीखने तक सीमित नहीं है।

# दुर्घटना से बचाने मवेशी धरपकड एंव रेडियम पट्टी लगाने चलाया जा रहा अभियान

## फरहद चौक ओव्हर ब्रिज पर एंव पाताल भैरवी मंदिर के पास दुर्घटना में घायल मवेशी को इलाज के लिए आरोग्यम गौशाला पहुंचाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 सितम्बर।** हाईवे पर एवं शहर के चैक चैराहो में दुर्घटना से मवेशियो का बचाने कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर नगर निगम द्वारा मवेशी धर पकड अभियान चलाकर मवेशी पकड़ काजी हाउस छोडा जा रहा है,। निगम आयुक्त श्री जी.आर.मरकाम स्वयं स्थल में पहुच अभियान की मानिटरिंग कर रहे है। निगम का अमला प्रतिदिन हाईवे, ओव्हर ब्रिज एंव चैक चैराहो से मवेशी पकड़ने के अलावा मवेशियो के गले में रेडियम पट्टी लगाकर सिंग में रेडियम टेप लगा रहे है। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त शिकायत तथा निदान 1100 व मुख्यमंत्री हेल्प लाईन में प्राप्त शिकायतों के आधार पर भी मवेशी पकडा जा रहा है तथा बीमार व दुर्घटना से घायल मवेशी ईलाज के लिए आरोग्यंम गौशाला छोड़ा जा रहा है एवं रात में टीम द्वारा मवेशी हकाला भी जाता है।



मवेशियों को पकड़ने शासन व प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार नगर निगम की घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने निगम आयुक्त द्वारा गठित टीम चैक चैराहो से घुमन्तु मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही निरंतर कर रही है। आज आयुक्त की उपस्थिति में मोहारा पुल, सिंगदई चैक, नंदई चैक, लालबाग के पास, पीटीएस के सामने से 7 मवेशी पकड रेवाडीह काजी हाउस छोडे, जहॉ से उन्हें छोडाने पर 570-570 रूपये मवेशी मालिको से अर्थदण्ड लेकर मवेशी छोडा जायेगा। साथ ही जिलाधीश महोदय के निर्देश पर मवेशियो तथा नागरिको को दुर्घटना से बचाने मवेशियो के गले में रेडियम पट्टी लगाकर सिंग में रेडियम टेप लगाया गया। इसी प्रकार प्रतिदिन रात में दुर्घटना से बचाने प्रमुख चैक चैराहो व सड़को से मवेशी हकाला भी जा रहा है। इसके अलावा पाताल भैरवी मंदिर के पास व फरहद चैक ओव्हर ब्रिज के उपर दुर्घटना से घायल मवेशी उठाकर ईलाज के लिए आरोग्यंम गौशाला छोड़ा गया, मवेशी पकड़ने तथा रेडियम लगाने का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

आयुक्त श्री मरकाम ने बरसात में दुर्घटना से बचने एवं मवेशियो को भी दुर्घटना से बचाने मवेशी मालिको से अपने जानवर को निर्धारित स्थल में बांध कर रखने तथा चैक-चैराहों व सड़कों पर घुमने पशुओं को खुला न छोड़ने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अपालन की स्थिति में मवेशी मालिकों के उपर कार्यवाही करते हुये अर्थदण्ड अधिरोपित किया जायेगा।

# जेन-जी आंदोलन के बाद सामाजिक परिवर्तन पर हुआ सार्थक विमर्श






रायपुर। छत्तीसगढ़ी समाज, डीओएसटी (डॉक्टर्स ऑन स्ट्रीट) एवं प्योर (प्रोग्रेसिव यूटिलाइजेशन ऑफ रिसर्च एंड इकोनॉमिक्स) के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को गुडविल हॉस्पिटल, सिद्धार्थ चौक, टिकरापारा स्थित सेमिनार हॉल में 'जेन-जी आंदोलन के बाद सामाजिक परिवर्तन' विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें नई पीढ़ी की राजनीतिक चेतना, लोकतांत्रिक भागीदारी, अहिंसक प्रतिरोध और बदलते सामाजिक परिदृश्य पर विचार-विमर्श हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत डीओएसटी के निवर्तमान अध्यक्ष सुनील शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि सामाजिक जागरूकता और परिवर्तन भारत के इतिहास की निरंतर प्रक्रिया रही है। जेन-जी आंदोलन को भी इसी व्यापक सामाजिक चेतना की नई कड़ी के रूप में समझने की जरूरत है।

परिचर्चा में जेन-जी की ओर से संस्कृति ठाकुर, होनेशा ठाकुर और अजहान अली ने युवाओं की बदलती सोच, अधिकारों के प्रति जागरूकता और सामाजिक-राजनीतिक भूमिका पर विचार रखे। अतिथि लोकगीतकार एवं पत्रकार देवेश ठाकुर ने छत्तीसगढ़ी भाषा में संबोधित करते हुए कहा कि नई पीढ़ी अपने समय के सवालों पर स्पष्ट राय रखने और उसे सार्वजनिक रूप से व्यक्त करने में सक्षम है।

वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. उदयभान सिंह चौहान ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन को स्थायी दिशा देने के लिए नई चेतना, परंपरा और अनुभव के बीच संवाद जरूरी है। मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास एवं योजना सलाहकार प्रदीप शर्मा ने आंदोलनों की बदलती भाषा और जेन-जी की सामाजिक चेतना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आंदोलनों की वास्तविक शक्ति समाज में पैदा होने वाली नई चेतना में होती है। युवा कवि तारिक खान ने काव्य-पाठ से कार्यक्रम को रचनात्मक आयाम दिया। अध्यक्षता करते हुए छत्तीसगढ़ी समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सत्यजीत साहू ने लोकतंत्र में विभिन्न विचारों और आवाजों के सामाजिक एकत्रीकरण को जरूरी बताया।

इस अवसर पर डीओएसटी की नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. संगीता कौशिक और प्योर की नवनियुक्त अध्यक्ष स्वाति देवांगन का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक, सांस्कृतिक, चिकित्सा, पत्रकारिता एवं बौद्धिक क्षेत्र से जुड़े अनेक लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### शहीद वीर नारायण सिंह का जीवन सेवा, संघर्ष और राष्ट्रप्रेम की मिसाल : साव

**रायपुर, 1 सितम्बर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बेमेतरा में शहीद वीर नारायण सिंह की भव्य प्रतिमा का अनावरण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। वे प्रतिमा अनावरण के बाद कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय आदिवासी महासम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में गोंडवाना भवन के जीर्णोद्धार के लिए 10 लाख रुपए तथा बेमेतरा में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 6 करोड़ रुपए देने की घोषणा की। विधायक दीपेश साहू भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री साव ने आदिवासी महासम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ की माटी के ऐसे महान सपूत थे, जिन्होंने गरीबों और जरूरतमंदों की सहायता के लिए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफवीरतापूर्वक संघर्ष किया। उनका पूरा जीवन संघर्ष, सेवा और राष्ट्रप्रेम की भावना से भरा रहा। उनके मन में समाज के प्रति सेवा का भाव और मातृभूमि के प्रति गहरा प्रेम था। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में गरीब और शोषित लोगों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई। अंग्रेजों के अत्याचार के सामने वे कभी नहीं झुके और देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की धरती अनेक वीर योद्धाओं और जननायकों की गौरवशाली भूमि रही है। शहीद वीर नारायण सिंह और गुंडाधुर जैसे महान योद्धाओं ने अपने साहस से समाज व मातृभूमि के प्रति समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया। इन वीर सपूतों का त्याग और बलिदान हमारी आने वाली पीढ़ियों को सदैव याद रहेगा। उन्होंने कहा कि बेमेतरा में स्थापित शहीद वीर नारायण सिंह की यह प्रतिमा उनके त्याग और बलिदान की स्मृति को चिरस्थायी बनाएगी। यह प्रतिमा युवाओं को राष्ट्रसेवा और समाजसेवा के लिए आगे बढ़ने का संदेश देगी।

### आवास योजना के घटक स्वयं के आवास निर्माण की प्रगति का आयुक्त ने किया निरीक्षण

# समय सीमा में आवास निर्माण पूर्ण करने हितग्राहियों को दी समझाइश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 1 सितम्बर।** वार्ड विजिट की कडी में निगम आयुक्त श्री जी.आर. मरकाम निकाय क्षेत्र के विभिन्न वार्डो का प्रतिदिन दौराकर मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई के अलावा निर्माण कार्य निरीक्षण कर रहे है। साथ ही साथ निकाय द्वारा शासन की संचालित योजनाओ की प्रगति का भी उनके द्वारा संबंधित अधिकारियो के साथ जायजा लिया जा रहा है। इसी कडी में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक बीएलसी अंतर्गत निर्माणाधीन आवासो का भी निरीक्षण किया। उनके इस लगातार भ्रमण से बीएलसी अंतर्गत निर्माणाधीन आवासो में प्रथम चरण में 157 आवास का निर्माण कार्य अधुरा था, अधुरे निर्माण कार्य वाले हितग्राहियो से निर्माण के संबंध में वार्डवार व्यक्तिगत सम्पर्क कर उन आवासो को पूर्ण कराने के लिए चर्चा समझाईस दी गयी। चर्चा के परिणाम स्वरूप आज की स्थिति में 132 आवास शेष बचे है और मात्र 40 दिनों में 25 आवास का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। ये ऐसे आवास है जिनकी स्वीकृति 2022 में शासन से प्राप्त हुई थी, स्वीकृति उपरांत पिछले 2-4 वर्षो में जो हितग्राही आपने आवास का निर्माण कार्य बंद करके रखे थे उनके निर्माण को पूर्ण कराने का पूर्ण पयास इस भ्रमण के दौरान किया जा रहा है।



योजना के द्वितीय चरण में बीएलसी (हितग्राही द्वारा स्वयं से आवास निर्माण) घटक के अंतर्गत 1115 आवासो की स्वीकृति शासन से प्राप्त हुई है, इस स्वीकृति के विरूद्ध भ्रमण से पूर्व मात्र 63 आवास पूर्ण हुऐ थे, सुबह लगातार अधिकारियो द्वारा हितग्राहियो से सम्पर्क करने पर आज 200 आवास पूर्ण कर लिये गये है शेष 549 निर्माणाधीन आवास जोकि आगामी माह में पूर्ण करने की तैयारी है।

महापौर मधुसूदन यादव के निर्देशानुसार शासन की महात्वकाक्षी एवं लोक कल्याणकारी योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु समय समय पर विभागीय अधिकारियो की प्रगति के संबंध में बैठक आयोजित कर योजना के सफल क्रियान्वयन एवं संचालन हेतु समीक्षा की जाती है। इसी तारतम्य में महापौर द्वारा स्पष्ट निर्देश है कि योजना के द्वितीय चरण में 500 से अधिक घर निर्माणाधीन है। इन सभी आवासो को जल्द पूर्ण करवाए, ताकि सभी हितग्राही अपने स्वयं के नवनिर्मित आवास में दिपावली का त्योहार मना सके।

आवासो की प्रगति के लिए आयुक्त के सुबह वार्डवार दौरे में कुछ ऐसे भी आवास (प्रथम चरण के) शहर के विभिन्न वार्डो में नजर आए जिनके हितग्राहियो द्वारा आवास निर्माण की पहली एवं द्वितीय किस्त लेकर अपने आवास निर्माण कार्य को अगले स्तर तक लेकर न जाते हुए उस निर्माण कार्य को पिछले कई वर्षो से रोककर, शासन द्वारा आवास निर्माण करने हेतु दिये गये राशि को अन्य किसी उपयोग में लेकर आवास निर्माण नही किया गया और न ही उस राशि को लगातार वास्तुवित एवं इंजीनियर द्वारा सम्पर्क करने पर भी निकाय को वो राशि वापस की गयी। इस प्रकार के हितग्राहियो को चिन्हित कर उनके विरूद्ध शासकीय धन का दुरूपयोग करने की धारा, दण्डाधिकारी के माध्यम से लगाने की कार्यवाही करने हेतु आयुक्त ने संबंधित विभाग को निर्देशित किए।

आयुक्त मरकाम ने राशि लेने के पश्चात आवास निर्माण नही करने वाले हितग्राहियो से अपील की है कि कानूनी परेशानियो से बचने जो राशि आवास निर्माण हेतु प्राप्त हुई है आवास निर्माण नही करने की स्थिति में उस राशि को निकाय द्वारा बताये गये बैक खाते में जमा करवाए। उन्होंने निर्माणाधीन आवासो के हितग्राहियो से भी अपील की है कि निर्धारित अवधि तक अपना आवास पूर्ण कर स्वयं के आवास का सपना साकार करे।

# हिड़मा जैसे कुख्यात नक्सली को आदर्श मानने वाले ही दिमागी नक्सली : साय



- हिंसा और नक्सलवाद का महिमामंडन करने वाली मानसिकता भी समाज के लिए घातक : सीएम
- कहा - बस्तर अब भय और हिंसा से निकलकर शांति, विश्वास और विकास की नई राह पर

**रायपुर 1 सितम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक निजी चैनल के साक्षात्कार के दौरान कहा कि नक्सलवाद के समर्थन में बात करने वाले और कुख्यात नक्सली हिड़मा , जिसने सैकड़ो निर्दोषों की हत्या की, उसे आदर्श मानने वाले ही दिमागी नक्सली हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ नक्सलवाद के लंबे और पीड़ादायक दौर से बाहर निकलकर शांति, विश्वास और विकास की नई राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारे सुरक्षाबलों के अदम्य साहस, केंद्र और राज्य सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति तथा बस्तर के लोगों के सहयोग से नक्सलवाद समाप्ति की ओर है। अब आवश्यकता इस बात की भी है कि हिंसा और नक्सलवाद को वैचारिक समर्थन देने तथा उसका महिमामंडन करने वाली मानसिकता को समाज स्पष्ट रूप से अस्वीकार करे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज भी कुछ लोग ऐसे कुख्यात नक्सलियों को अपना आदर्श मानते हैं, जिनके हाथ निर्दोष नागरिकों और सुरक्षाबलों के खून से रंगे रहे हैं। हिड़मा जैसे नक्सलियों ने हिंसा और आतंक के माध्यम से बस्तर की अनेक पीढ़ियों को भय, अभाव और पिछड़ेपन में रखने का काम किया। ऐसे लोगों का महिमामंडन करना, उनके समर्थन में नारे लगाना या उन्हें नायक के रूप में प्रस्तुत करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराया जा सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंदूक उठाकर निर्दोष लोगों की जान लेने वाला व्यक्ति किसी समाज का आदर्श नहीं हो सकता। नक्सली हिंसा में बस्तर ने अपने हजारों निर्दोष नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और बहादुर जवानों को खोया है। अनेक परिवारों ने अपनों को खोने का दर्द सहा, बच्चों से उनके माता-पिता छिने और विकास की संभावनाओं को दशकों तक बाधित किया गया। इस पीड़ा को नजरअंदाज कर हिंसा के जिम्मेदार लोगों का गुणगान करना बस्तर के पीड़ित परिवारों और शहीद जवानों के बलिदान का भी अपमान है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नक्सलवाद केवल बंदूक और जंगलों तक सीमित चुनौती नहीं है। हिंसा को उचित ठहराने, लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति अविश्वास पैदा करने और नक्सली हिंसा के जिम्मेदार लोगों को नायक के रूप में स्थापित करने वाली सोच भी उतनी ही चिंताजनक है।

# मुख्यमंत्री की मौजूदगी में रविवि और सीएमडीसी के मध्य हुआ समझौता

**रायपुर, 1 सितम्बर।** नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के अनुरूप छत्तीसगढ़ में खनिज संसाधनों के दोहन के साथ-साथ उनके स्थानीय स्तर पर मूल्य संवर्धन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी दिशा में छत्तीसगढ़ मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (ष्टस्ष्ट) द्वारा बीजापुर जिले के कुचनूर क्षेत्र में लगभग 25 वर्षों के अंतराल के बाद कोरंडम खदान का पुनः संचालन किया गया है। कोरंडम के खनन से लेकर उसकी कटिंग, पॉलिशिंग, आभूषण निर्माण, ब्रांडिंग और विपणन तक पूरी वैल्यू चेन विकसित करने के उद्देश्य से ष्टस्ष्ट और पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के बीच मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में नया रायपुर स्थित मेफेयर रिज़ॉर्ट में यह महत्वपूर्ण एमओयू सम्पन्न हुआ। विश्वविद्यालय को नॉलेज पार्टनर के रूप में चयनित किया गया है, जिसके माध्यम से स्थानीय युवाओं और शिल्पकारों को आधुनिक तकनीक आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**वैज्ञानिक पद्धति से हो रहा उच्च गुणवत्ता वाले कोरंडम का उत्खनन:** प्रदेश में कोरंडम खनिज के दोहन एवं विपणन के लिए ष्टस्ष्ट और संयुक्त उपक्रम साझेदार मेसर्स एन.सी. नाहर के मध्य गठित छत्तीसगढ़ कोरंडम माइन्स लिमिटेड के माध्यम से बीजापुर जिले के भोपालपट्टनम क्षेत्र के ग्राम कुचनूर में कोरंडम खदान संचालित की जा रही है। लगभग 25 वर्षों के अंतराल के बाद फरवरी 2025 से खदान का पुनः संचालन करते हुए उच्च गुणवत्ता वाले कोरंडम का वैज्ञानिक पद्धति से उत्खनन किया जा रहा है। वर्तमान में खदान से उत्खनित कोरंडम का लगभग 240 किलोग्राम भंडारण है, जिसमें से 157.643 किलोग्राम का परिवहन किया जा चुका है। परिवहन किए गए कोरंडम में 107.989 किलोग्राम बी-ग्रेड तथा 49.654 किलोग्राम औद्योगिक ग्रेड कोरंडम शामिल है।

# कुछ पाने के लिए किया गया सौदा व्यापार होता है : मुनि श्रेयांशप्रभ

## भाई-बहन, माता-पिता के बीच हुआ लेनदेन कभी व्यापार नहीं हो सकता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 1 सितंबर। कुछ पाने के लिए किया गया सौदा व्यापार होता है किंतु माता-पिता भाई बहनों के साथ कोई लेनदेन व्यापार नहीं होता। किसी पर इच्छा थोपना गलत है। आप कुछ पाने की इच्छा के साथ कोई कार्य करते हैं और वह प्राप्ति आपको नहीं मिल पाती तो आप उसे सैक्रिफिस (त्याग)का रूप दे देते हैं, जबकि यह त्याग नहीं होता।



उक्त उदगार खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर ने आज जैन बगीचा स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय भवन में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हम जो करते हैं,वह अपनी इच्छा से और अपने लिए करते हैं। यदि हम निस्वार्थ भाव से किसी के लिए कुछ करते हैं तभी सही मायने में हम सैक्रिफिस कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि हम अपनी जिंदगी में स्वार्थ को निस्वार्थ मानते हैं,यही मिथ्यात्व है। मुनि श्रेयांशप्रभ ने कहा कि सुबह से उठकर रात्रि में सोते समय तक हम जो करते हैं,उस पर विचार करें कि हमने क्या सही किया और क्या गलत किया। यदि प्रतिदिन यही विचार कर रहे हैं तो निश्चित है कि हमारी दृष्टि में सुधार आएगा। हमें जो भौतिक चीज मिलती है उसे हम अपने साथ रखना चाहते हैं किंतु जो आत्मा को पोषण करने वाली चीज मिलती है, उसे हम अपने साथ नहीं रखना चाहते। उन्होंने कहा कि त्याग की भावना तो हमारे दिल से निकल चुकी है। हर व्यक्ति यह मानता है कि वह सेक्रिफिस कर रहा है, किंतु यह सोंचे कि क्या हम सही हैं!

जैन मुनि ने आगे कहा कि बिना छोड़ें त्याग नहीं हो सकता। हमारे लिए सैक्रिफिस का मतलब इच्छाएं मारना है। क्या हम कोई कार्य इच्छा मारकर करते हैं या फिर इच्छा से करते हैं, इस पर विचार करें। हम जो शब्द बोल रहे हैं उसका मतलब भी वही होना चाहिए। हमारी बातों से गलतफहमी नहीं होनी चाहिए। यदि ऐसा होता है तो हमारा भविष्य भी संवर जाएगा और वर्तमान भी संवर जाएगा। इच्छा को इच्छा ही रहने दीजिए,उसे सैक्रिफिस मत बनाइए। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

# राज्य ने भारत के खनिज पारिस्थितिकी तंत्र में अपनी भूमिका को किया सुदृढ़



**रायपुर 1 सितम्बर।** खान मंत्रालय ने आज रायपुर, छत्तीसगढ़ में महत्वपूर्ण एवं सामरिक खनिज ब्लॉकों की नीलामी की 8वीं श्रृंखला पर रोड शो का आयोजन किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में तथा कोयला एवं खान मंत्रालय के राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे उपस्थित रहे। इस अवसर पर आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू तथा सीएमडीसी के अध्यक्ष सौरभ सिंह के साथ ही वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग प्रतिनिधि और अन्य हितधारक भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के समृद्ध खनिज संसाधनों तथा भारत के खनन एवं औद्योगिक विकास में राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने अधिक निवेश, खनिज संसाधनों के त्वरित विकास तथा केंद्र और राज्य के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से राज्य की खनिज क्षमता का दोहन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने हितधारकों को राज्य सरकार की ओर से निवेश को सुगम बनाने और सतत खनिज विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने भारत के आर्थिक विकास, औद्योगिक प्रगति, स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण और उभरती प्रौद्योगिकियों के लिए महत्वपूर्ण एवं रणनीतिक खनिजों के रणनीतिक महत्व को रेखांकित किया।


न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
तहसील बीजापुर जिला- बीजापुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./ /बी-121/2025-2026

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती समा परवीन पति श्री शेख रसूल मोहम्मद, जाति मोमिन, निवासी चिन्नाकवाली, तहसील व जिला बीजापुर ने इस न्यायालय में उनके पुत्र शेख सिराज मोहम्मद का जन्म दिनांक 10/04/2013 के विलम्बित जन्म पंजीयन हेतु आवेदन मय शपथ पत्र, तलवाना, चालान एवं अनुपलब्धता प्रमाण, आधार कार्ड सहित पेश किया गया है तत्संबंध में मामला इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति/आक्षेप हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 02/09/2026 के पूर्व इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 19/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बीजापुर

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
तहसील बीजापुर जिला- बीजापुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./ /बी-121/2025-2026

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती समा परवीन पति श्री शेख रसूल मोहम्मद, जाति मोमिन, निवासी चिन्नाकवाली, तहसील व जिला बीजापुर ने इस न्यायालय में उनके पुत्री सुहाना परवीन का जन्म दिनांक 16/12/2016 के विलम्बित जन्म पंजीयन हेतु आवेदन मय शपथ पत्र, तलवाना, चालान एवं अनुपलब्धता प्रमाण, आधार कार्ड सहित पेश किया गया है तत्संबध में मामला इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति/आक्षेप हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 02/09/2026 के पूर्व इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 19/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बीजापुर

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
तहसील बीजापुर जिला- बीजापुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./ /बी-121/2025-2026

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शेख गुल मोहम्मद पिता श्री शेख गुलाम मोहम्मद, जाति मोमिन, निवासी चिन्नाकवाली, तहसील व जिला बीजापुर ने इस न्यायालय में उनके पुत्री फरहाना परवीन का जन्म दिनांक 15/10/2020 के विलम्बित जन्म पंजीयन हेतु आवेदन मय शपथ पत्र, तलवाना, चालान एवं अनुपलब्धता प्रमाण, आधार कार्ड सहित पेश किया गया है तत्संबंध में मामला इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/ संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति/आक्षेप हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 02/09/2026 के पूर्व इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 19/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बीजापुर

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी
तहसील बीजापुर जिला- बीजापुर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./ /बी-121/2025-2026

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शेख गुल मोहम्मद पिता श्री शेख गुलाम मोहम्मद, जाति मोमिन, निवासी चिन्नाकवाली, तहसील व जिला बीजापुर ने इस न्यायालय में उनके पुत्री अफ्सा परवीन का जन्म दिनांक 11/01/2019 के विलम्बित जन्म पंजीयन हेतु आवेदन मय शपथ पत्र, तलवाना, चालान एवं अनुपलब्धता प्रमाण, आधार कार्ड सहित पेश किया गया है तत्संबंध में मामला इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति/आक्षेप हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 02/09/2026 के पूर्व इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 19/08/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी बीजापुर

**शपथ पत्र**

मैं हेमलता साहू (HEMLATA SAHU) उम्र 42 वर्ष पति चैतु राम साहू, जाति-तेली, निवासी ग्राम पो. वार्ड नं. 05 गौरा चौक मावलीपारा, तहसील-सरोना, जिला-उ.ब. कांकेर छ.ग. की निवासी हूं। जो कि शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं।

मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।

मेरा नाम हेमलता साहू है जो आधार कार्ड में अंकित है।

आधार कार्ड क्र. 3315 0575 2019 में मेरा नाम हेमलता साहू (HEMLATA SAHU) अंकित है जो सत्य एवं सही है।

मेरा मायका ग्राम पंडरीपानी (मा.) है। जहाँ पर मैं कृषि भूमि पर मेरी हिस्सेदारी है।

मेरा ऋण पुस्तिका एवं बी-01, नक्शा खसरा में लता बाई (LATA BAI) पिता सखा राम है। जो त्रुटिपूर्ण है।

मेरा नाम हेमलता साहू (HEMLATA) एवं लता बाई (LATA BAI) एक ही व्यक्ति है एवं मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।

मेरा नाम ऋण पुस्तिका में लता बाई (LATA BAI) है। जिसे सुधार करवाकर उनके स्थान पर सही नाम हेमलता साहू (HEMLATA SAHU) दर्ज व अंकित करवाना चाहती हूं।

शपथकर्ता
हेमलता साहू

**शपथ पत्र**

मैं चन्द्रिका बाई (CHANDRIKA BAI) उम्र 37 वर्ष, पत्ति धन सिंह, जाति-तेली, निवासी ग्राम पो. वार्ड नं. 05 डोंगरडूला, तहसील नगरी, जिला-धमतरी छ.ग. की निवासी हूं जो कि शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूं।

मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।

मेरा नाम चन्द्रिका बाई है जो आधार कार्ड में अंकित है।

आधार कार्ड क. 4057 6605 3823 में मेरा नाम चन्द्रिका बाई (CHANDRIKA BAI) अंकित है जो सत्य एवं सही है।

मेरा मायका ग्राम पंडरीपानी (मा.) है। जहाँ पर मैं कृषि भूमि पर मेरी हिस्सेदारी है

मेरा ऋण पुस्तिका एवं बी-01. नक्शा खसरा में गोपेश्वरी (GOPESHWARI) पिता सखा राम है। जो त्रुटिपूर्ण है।

मेरा नाम गोपेश्वरी (GOPESHWARI) एवं चन्द्रिका बाई (CHANDRIKA BAI) एक ही व्यक्ति है एवं मुझे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।

मेरा नाम ऋण पुस्तिका में गोपेश्वरी (GOPESHWARI) है। जिसे सुधार करवाकर उनके स्थान पर सही नाम चन्द्रिका बाई (CHANDRIKA BAI) दर्ज व अंकित करवाना चाहती हूं।

शपथकर्ता
चन्द्रिका बाई

## एक नजर

### लता को पीएचडी

रायपुर, 1 सितम्बर। विश्वविद्यालय रायपुर के कला संकाय के अंतर्गत लता को हिंदी विषय में समकालीन



हिंदी उपन्यासों में विकलांग-विमर्श पर पी-एचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने अपना शोध-कार्य डॉ.सविता मिश्रा, पूर्व प्राचार्य शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम जिला- गरियाबंद के निर्देशन में शोध-केंद्र शा. दू. बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय से पूर्ण किया। लता पिता चंद्रभूषण, माता प्रतीका ग्राम धनसीर जिला सारंगढ़ की सुपुत्री है।

### वैभवी को राष्ट्रीय भरतनाट्यम स्पर्धा में तृतीय स्थान

रायपुर, 1 सितम्बर। वीर छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम पुरानी बस्ती स्कूल के कक्षा सातवीं में



अध्ययनरत कुमारी वैभवी पदमवार पिता गोविंद पदमवार, माता किरण पदमवार ने बिलासपुर साईं नृत्य निलयम आयोजित द्वारा राष्ट्रीय भरतनाट्यम नृत्य प्रतियोगिता (प्रणवम) में 104 प्रतिभागियों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के संचालक डॉ मुकेश शाह ने वैभवी को बधाई देते हुए उसे निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्या ने वैभवी के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं उनके माता-पिता को भी बहुत बधाई दी।

### अनुशासनहीनता के आरोप में शिवसेना के दो पदाधिकारी पद से हटाए गए



रायपुर, 1 सितम्बर। शिवसेना में संगठनात्मक अनुशासन को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। प्रदेश प्रमुख धनंजय शिह परिहार द्वारा रविवार को बुलाई गई विशेष बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में अनुशासनहीनता के आरोप में दो प्रदेश महासचिव संजय नाग और एच.एन. सिंह पालीवाल को तत्काल पद से हटाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति अध्यक्ष मधुकर पांडे, प्रदेश महासचिव एवं उपनेता रेशम जांगड़े, प्रदेश समन्वयक कृष्ण यादव, प्रदेश महासचिव संतोष मारकंडे, प्रदेश सचिव आनंद तिवारी, प्रदेश सचिव कमलाकर यादव, लकी सोनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान संगठन की गतिविधियों, अनुशासन और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर चर्चा हुई। इसी दौरान प्रदेश महासचिव के पद पर कार्यरत संजय नाग और एच.एन. सिंह पालीवाल को अनुशासनहीनता के कारण पार्टी के पद से मुक्त करने का निर्णय लिया गया। यह जानकारी शिव सेना के प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला ने एक विज्ञप्ति जारी कर मीडिया को दी है।

### चेम्बर के पदाधिकारियों ने गोलबाजार का मुआयना किया



रायपुर, 1 सितम्बर। 31 अगस्त को गोलबाजार के व्यापारीगण उपायुक्त नगर पालिक निगम (बाजार) रायपुर द्वारा दिये गये नोटिस के संबंध में अपनी समस्याओं को लेकर चेम्बर कार्यालय पहुंचे। जिसके अंतर्गत चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में चेम्बर पदाधिकारियों ने विचार-विमर्श के पश्चात् गोलबाजार के संबंधित व्यापारियों के साथ गोलबाजार का मुआयना किया। इस अवसर पर चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष राधाकिशन सुन्दरानी, राजेश वासवानी, जसप्रीत सिंह सलूजा, उपाध्यक्ष-दिलीप इसरानी, अमरदास खट्टर, मंत्री प्रशांत गुप्ता एवं गोलबाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष धनराज जैन, कार्यकारी अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता, अजय देवांगन, जोगेन्द्र नागवानी सहित गोलबाजार के अनेक व्यापारीगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नंदनवन का 50 करोड़ में होगा कायाकल्प

## पीपीपी मॉडल पर विकसित होगा बॉटनिकल गार्डन




रायपुर, 1 सितम्बर। रायपुर जिले के अटारी गांव स्थित नंदनवन को अब एक नए और आकर्षक स्वरूप में पुनर्विकसित किया जाएगा। मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों ने मुख्य सचिव विकासशील के समक्ष नंदनवन पुनर्विकास की प्रस्तावित परियोजना का प्रस्तुतिकरण दिया।

नंदनवन के कायाकल्प और विकास कार्य में लगभग 50 करोड़ रुपये का निवेश अनुमानित है। पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप



मॉडल के तहत यह पूरी परियोजना पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर आधारित होगी। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए बॉटनिकल गार्डन को नए सिरे से पुनर्जीवित और विकसित किया जाएगा। मुख्य सचिव ने परियोजना में पर्यटकों की सुविधा और आकर्षण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न जन-सुविधाएं विकसित करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव द्वारा दिए गए समीक्षा बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, वित्त विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, आवास एवं पर्यावरण विभाग के सचिव अंकित आनंद, एनआरडीए के सीईओ चंदन कुमार समेत विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

PICTURE-स्टोरी



रायपुर, 1 सितम्बर। हलषष्ठी के लिए सजा बाजार।

# तिमाही परीक्षा का संशोधित टाइम टेबल जारी, 21 सितंबर से शुरू होंगे पेपर

रायपुर, 1 सितम्बर। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए बड़ी खबर है। लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा पहली से 12वीं तक होने वाली तिमाही और अर्धवार्षिक परीक्षाओं की संशोधित समय-सारणी जारी कर दी है। संचालनालय की ओर से जारी आदेश में परीक्षा की तारीखों के साथ कक्षावार विषयों की जानकारी भी दी गई है।

संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि पहले जारी किए गए दिशा-निर्देशों में परीक्षा समिति के गठन सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर जो निर्देश दिए गए थे, वे यथावत रहेंगे। संशोधित समय-सारणी के अनुसार ही स्कूलों में परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

### 21 सितंबर से शुरू होगी तिमाही परीक्षा

कक्षा पहली से 8वीं तक की तिमाही परीक्षा 21 सितंबर 2026 से शुरू होगी। पहले दिन हिन्दी, 22 सितंबर को गणित और 23 सितंबर को अंग्रेजी की परीक्षा होगी। कक्षा 3री से 5वीं तक 24 सितंबर को पर्यावरण विषय की परीक्षा होगी। कक्षा 6वीं से 8वीं तक 23 सितंबर को विज्ञान, 24 सितंबर को अंग्रेजी, 25 सितंबर को सामाजिक विज्ञान और 26 सितंबर को संस्कृत की परीक्षा निर्धारित की गई है। कक्षा पहली और दूसरी के लिए 24 सितंबर के बाद की विषयवार परीक्षा नहीं रखी गई है, जबकि कक्षा तीसरी से 5वीं तक की परीक्षाएं 24 सितंबर तक होंगी।

कक्षा 9वीं और 10वीं के व्यावसायिक विषयों की परीक्षा 28 सितंबर 2026 को होगी। कक्षा 11वीं और 12वीं के व्यावसायिक विषयों की परीक्षा 30 सितंबर 2026 को निर्धारित की गई है।

जारी संशोधित समय-सारणी के मुताबिक कक्षा पहली से 8वीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षा 1 दिसंबर 2026 से शुरू होगी। पहले दिन हिन्दी और 2 दिसंबर को गणित की परीक्षा होगी। 3 दिसंबर को कक्षा पहली से 5वीं तक अंग्रेजी तथा कक्षा 6वीं से 8वीं तक विज्ञान की परीक्षा होगी।

इसके बाद 4 दिसंबर को कक्षा तीसरी से 5वीं में पर्यावरण और कक्षा 6वीं से 8वीं में अंग्रेजी की परीक्षा होगी। 5 दिसंबर को कक्षा 6वीं से 8वीं में सामाजिक विज्ञान और 7 दिसंबर को संस्कृत की परीक्षा होगी। कक्षा 9वीं से 12वीं की अर्धवार्षिक परीक्षाएं भी 1 दिसंबर 2026 से शुरू होंगी और विषयवार परीक्षा 11 दिसंबर तक चलेगी।

### परीक्षा का समय

प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर की परीक्षा का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। वहीं कक्षा 9वीं से 12वीं यानी हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्तर की परीक्षा के लिए समय दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक रहेगा।

# राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर के विरोध में कांग्रेस का पैदल मार्च

रायपुर, 1 सितम्बर। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध उत्तराखंड में दर्ज दुर्भावनापूर्ण एफआईआर के विरोध एवं हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ भाजपा-आरएसएस कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए कथित जातिवादी शुद्धिकरण अनुष्ठान के दोषियों के विरुद्ध एफआईआर एवं कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर के संयुक्त तत्वावधान में पैदल मार्च निकाला गया। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर के जिला अध्यक्ष कुमार शंकर मेनन के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने अंबेडकर चौक से सिविल लाइन थाना



तक पैदल मार्च किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा-आरएसएस के कथित जातिवादी कृत्य तथा उसके विरोध में आवाज उठाने वाले नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने का कड़ा विरोध किया।

पैदल मार्च के पश्चात कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइन थाना पहुंचकर थाना प्रभारी को आवेदन सौंपा तथा उत्तराखंड में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के खिलाफ किए गए कथित जातिवादी कृत्य में शामिल दोषी भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर तत्काल कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

इस दौरान धरसीवा के पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा, रायपुर ग्रामीण पूर्व प्रत्याशी पंकज शर्मा, रायपुर ग्रामीण के पूर्व जिला अध्यक्ष उधो राम वर्मा, ब्लॉक अध्यक्षगण, आशीष वर्मा, विद्याभूषण सोनवानी, जिला पदाधिकारी के रोशैया, परमानंद पटेल, सुभाष कुर्रे, संतोष कोसरिया, प्रवीण सिंह, राजेश चतुर बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, पार्षद, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, अग्रिम संगठनों, विभागों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खानदान को खुश करने के लिए प्रलाप बंद करें बैज : भाजपा

रायपुर, 1 सितम्बर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता नलिनीश ठोकने ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के सेवा संकल्प अभियान के तहत छात्र-छात्राओं के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों को लेकर दिए गए बयान पर तीखा प्रहार करते हुए इसे कांग्रेस की कुण्ठित और नकारात्मक मानसिकता का परिचायक बताया है। ठोकने ने कहा कि प्रदेश के बच्चों और नौनिहालों की रचनात्मक, सर्जनात्मक और वैचारिक प्रतिभा को निखारने के लिए दिए जा रहे अवसरों से आखिर दीपक बैज के पेट में मरोड़ क्यों उठ रहा है? भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ठोकने ने कहा कि बच्चों के भविष्य और शिक्षा पर घड़ियाली आँसू बहाने वाले बैज शायद अपना अतीत भूल गए हैं। दो साल पहले जून 2024 में ग्रीष्मकालीन अवकाश की समय-सीमा बढ़वाने के लिए खुद बैज मासूम बच्चों को लेकर भरी गर्मी में सड़कों पर आंदोलन कर रहे थे। उस वक्त बच्चों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर बैज की संवेदनशीलता को कौन-सा काठ मार गया था? नौनिहालों का राजनीतिक ढाल के रूप में इस्तेमाल करना कांग्रेस के सबसे शर्मनाक चरित्र का यह जीता-जागता प्रमाण था और आज वही बैज मासूमों के नाम पर उपदेश दे रहे हैं! ठोकने ने सवाल दागते हुए कहा कि क्या कांग्रेस के शासनकाल में छात्र-छात्राओं के बौद्धिक और वैचारिक विकास के लिए ऐसे रचनात्मक कार्यक्रम नहीं होते थे? तब क्या वह राजनीति थी? सच्चाई यह है कि जब भी प्रदेश के युवा और बच्चे राष्ट्र निर्माण, विकास और सुशासन के सकारात्मक विमर्श से जुड़ते हैं, तो कांग्रेस का झूठे नैरेटिव सेट करने का टूलकिटिया एजेंडा बेनकाब हो जाता है।

# सेवानिवृत्ति तो एक पन्ना है, अभी तो पूरी किताब बाकी है : संजय

रायपुर, 1 सितम्बर। नागरिक आपूर्ति निगम मुख्यालय नवा रायपुर में पदस्थ इंद्राणी यदु, कनिष्ठ सहायक को सेवानिवृत्ति के अवसर पर आज सायं भावभीनी बिदाई दी गई।



निगम अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने इंद्राणी यदु को शाल, श्रीफल एवं मोमेन्टो देकर सम्मानित किया। निगम कि ओर से उन्हे स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट के साथ ही अवकाश नगदीकरण एवं जीएसएलआई की राशि का चेक प्रदान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए संजय श्रीवास्तव ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह केवल शासकीय सेवा का समापन नहीं, बल्कि वर्षों की निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण से अर्जित अनुभवों की नई यात्रा का प्रारंभ भी है।

# भारत स्काउट एवं गाइड ने रोपे पौधे

रायपुर, 1 सितम्बर। भारत स्काउट एवं गाइड राज्य एवं जिला संघ रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम 3.0 का आयोजन शासकीय हाई स्कूल आलेखुटा विकासखंड अभनपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंद्र कुमार साहू विधायक अभनपुर कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रभात मिश्रा अध्यक्ष राजभाषा आयोग छत्तीसगढ़ बृजेश कुमार बाजपेई राज्य सचिव भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ स्वामी जिला अध्यक्ष राजीव चक्रवर्ती जिला मुख्य आयुक्त एमजी सतीश नायर जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर धरम चंद जैन विकासखंड शिक्षा अधिकारी अभनपुर श्रीअशोक बजाज कार्यालय मंत्री रायपुर चंद्रकला ध्रुव उपस्थित थे। यह वृहद वृक्षारोपण का आयोजन समाज में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और जन भागीदारी बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा। उक्त कार्यक्रम में गोपाल राम वर्मा डीटीसी स्काउट सुश्री शाहिना परवीन डीटीसी गाइड असगर खान डीओसी स्काउट सांत्वना ठाकुर डीओसी गाइड भूपेश साहू विकासखंड सचिव अभनपुर रोहित वर्मा विकासखंड सचिवआरंग मुकेश बोरकर विकासखंड सचिव धरसींवा सपना बड़ोनिया संस्था के साथ अन्य स्कूलों से आए बच्चे एवं प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव मृत्युंजय शुक्ला द्वारा किया गया।



# लाइव ट्रेन मॉनिटरिंग सिस्टम का शुभारंभ

## रेल परिचालन की निगरानी अब होगी अधिक संरक्षित, तेज, पारदर्शी और प्रभावी

रायपुर, 1 सितम्बर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल ने रेल परिचालन को अधिक संरक्षित, तेज, पारदर्शी एवं कुशल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए लाइव ट्रेन मॉनिटरिंग सिस्टम का शुभारंभ किया है।

लाइव ट्रेन मॉनिटरिंग सिस्टम का शुभारंभ तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा आज दिनांक 31 अगस्त 20226 को किया गया। इस अवसर पर प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री जी. पी. खुटे, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक के.के.सिन्हा, मंडल रेल प्रबंधक, बिलासपुर राकेश रंजन सहित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल स्थित डिवीज़नल कंट्रोल में स्थापित लाइव ट्रेन मॉनिटरिंग सिस्टम भारतीय रेल में अपनी तरह की पहली पहल है। इस प्रणाली की प्रमुख विशेषता भारतीय रेल का सबसे बड़ा अल्ट्रा-नैरो-बेज़ल



वीडियो वॉल है, जिसके माध्यम से ट्रेनों की आवाजाही एवं सिग्नलिंग की स्थिति का वास्तविक समय में व्यापक एवं स्पष्ट दृश्य प्राप्त किया जा सकता है। लाइव ट्रेन मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से रेल परिचालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एकीकृत एवं केंद्रीकृत रूप में उपलब्ध होती हैं। इससे नियंत्रण कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों को ट्रेनों की स्थिति एवं परिचालन से जुड़ी परिस्थितियों का तत्काल आकलन करने में सहायता मिलती है।

**पहल** शिक्षा और खेल विकास को नई दिशा देने में जुटे सांसद, सीएसआर फंड के प्रभावी उपयोग पर दिया जोर

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और खेल संस्कृति ही विकसित भारत की मजबूत नींवः अग्रवाल

रायपुर, 1 सितम्बर। रायपुर लोकसभा क्षेत्र से वरिष्ठ सांसद एवं शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी संसदीय स्थायी समिति के वरिष्ठ सदस्य बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन-दीव में आयोजित संसदीय अध्ययन दौरे में शिक्षा और खेल विकास को लेकर व्यापक रणनीतिक मंथन किया।

अग्रवाल ने राष्ट्रीय पटल पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक अधोसंरचना और कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी फंड के प्रभावी उपयोग का रोडमैप प्रस्तुत किया। दीव में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सांसद अग्रवाल ने भारत सरकार के विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, केंद्र शासित प्रदेश के शिक्षा निदेशालय,



नवोदय विद्यालय समिति तथा वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के शीर्ष अधिकारियों के साथ गहन विचार-विमर्श किया।

बैठक में अग्रवाल ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया समेत सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों पर जोर देते हुए कहा कि खेल प्रतिभाओं को तराशने के लिए सीएसआर फंड का बड़ा हिस्सा आधुनिक खेल मैदान, सिंथेटिक ट्रैक, उपकरण और प्रशिक्षण केंद्रों के निर्माण में लगाया जाए।

अध्ययन प्रवास के दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने दीव स्थित 'पीएम श्री' जवाहर नवोदय विद्यालय का सघन दौरा किया। उन्होंने डिजिटल स्मार्ट क्लासरूम, आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाओं, खेल परिसरों और छात्रावास व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया।

अग्रवाल का कहना है कि, 'पीएम श्री' योजना भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास का राष्ट्रीय मॉडल है, जिसे हर राज्य के अंतिम छोर तक पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जाना चाहिए।

बैठक के दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के परिप्रेक्ष्य को प्रमुखता से रखते हुए कहा कि केंद्र सरकार की 'पीएम श्री' योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के वनांचल और ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को मिल रहा है।

छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण के तहत 211 स्कूलों को 'पीएम श्री' के रूप में अपग्रेड कर विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, जिससे राज्य के 2 लाख से अधिक विद्यार्थी सीधे लाभान्वित हो रहे हैं।

राज्य के स्कूलों में आईसीटी लैब, वोकेशनल ट्रेनिंग और स्मार्ट क्लासरूम के जरिए विद्यार्थियों को 21वीं सदी के कौशल से जोड़ा जा रहा है। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के विजन को साकार करने में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और खेल संस्कृति का विस्तार ही सबसे मजबूत आधार स्तंभ है।

# मांगों को लेकर कर्मचारी 11 को करेंगे प्रदर्शन



रायपुर, 1 सितम्बर। नियमित कर्मचारियों अनियमित कर्मचारियों और पेंशनरों के द्वारा 5 सूत्रीय मांगों को लेकर 11 सितंबर को नया रायपुर स्थित इंद्रावती भवन के गेट नंबर 3 के सामने संयुक्त प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन को लेकर तैयारी कर रहे छग प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष करन सिंह अटेरिया ने बताया कि प्रदर्शन में नियमित अनियमित और पेंशनर संघों के 30 से अधिक संघों के वर्तमान व पूर्व प्रांताध्यक्ष उपस्थित रहेंगे। अटेरिया ने बताया कि लगभग दो वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए एक मांग एक मंच अभियान को अब कर्मचारी संघों का व्यापक समर्थन मिलने लगा है। उन्होंने कहा कि सरकार कर्मचारियों और पेंशनरों पर लगातार आर्थिक रूप से दमन करते आ रही है। नियत समय पर महंगाई भता नहीं देना और प्रति वर्ष 8 से 9 महीने के महंगाई भत्ता एरियर्स का भुगतान नहीं करना वित विभाग की अघोषित नीतियों में शामिल हो गया है। करन सिंह अटेरिया ने कहा कि 13 सितंबर 2025 को वित मंत्री के द्वारा कर्मचारियों के एक प्रतिनिधिमंडल को 2026 से केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता दिए जाने की बात कही गई थी। उन्होंने कहा कि यह बेहद अफसोस की बात है शासन की योजनाओं को मूर्त रूप देने वाले कर्मचारियों और फैमली पेंशनरों के पेंशन तक को देय तिथि से सरकार नहीं दे रही है। गोपाल प्रसाद साहू ने अनियमित कर्मचारियों की पीड़ा बयान करते हुए कहा कि छग सरकार मोदी की गारंटी के नाम पर कर्मचारियों से पिछले ढाई वर्षों से झूठ बोल रही है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26